RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 4 अंक 345
फरीदाबाद, बुधवार, 26 जनवरी, 2022
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं

**अवकाश सूचना**

गणतंत्र दिवस के अवसर पर पायनियर प्रेस और कार्यालय 26 जनवरी बुधवार को बंद रहेगा। अत: अगला अंक 28 जनवरी शुक्रवार को प्रकाशित होगा।
–संपादक

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| संसेक्स | 57,858 ▲ | 366 |
| निफ्टी | 17,227 ▲ | 128 |
| सोना | 48,469 ▲ | 86 /10 gm |
| चांदी | 63,907 ▼ | 522 /kg |

## मौसम फरीदाबाद

अधिकतम 17.00°C
न्यूनतम 07.00°C

## क्विक न्यूज

### किसान सम्मान के लिए 30 जनवरी तक मांगे आवेदन

**चंडीगढ़।** हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि मुख्यमंत्री प्रगतिशील किसान सम्मान पुरस्कार के लिए पंजीकरण की तिथि को 30 जनवरी तक बढ़ा दिया गया, ताकि ज्यादा से ज्यादा किसान अपना पंजीकरण कराकर इस योजना का लाभ उठा सकें। कृषि मंत्री ने कहा कि इस योजना के तहत कृषि तथा संबंधित क्षेत्रों में उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए चयनित किसानों को नगद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। किसानों को कृषि फसलों की उच्च उत्पादकता प्राप्त करने के साथ-साथ नई तकनीकों को नगद पुरस्कार दिया जाएगा।

## गोल्डन बॉय नीरज चोपड़ा परम विशिष्ट सेवा मेडल से सम्मानित होंगे

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**टोक्यो** ओलिंपिक में गोल्ड मेडल जीतकर इतिहास रचने वाले जेवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा को अब परम विशिष्ट सेवा मेडल से सम्मानित किया जाएगा। वे सेना की 4 राजपूताना राइफल्स रेजिमेंट में सूबेदार हैं। 73वें गणतंत्र दिवस के मौके पर राष्ट्रपति द्वारा नीरज चोपड़ा और अन्य लोगों के लिए वीरता पुरस्कार की घोषणा की गई है।

### 384 लोगों को मिलेगा वीरता पुरस्कार

384 लोगों के लिए वीरता पुरस्कार का ऐलान किया गया है। इसमें 12 शौर्य चक्र, 29 परम विशिष्ट सेवा मेडल, 4 उत्तम युद्ध सेवा मेडल, 53 अति विशिष्ट सेवा मेडल, 13 युद्ध सेवा मेडल शामिल हैं। इनके साथ 122 विशिष्ट सेवा मेडल भी दिए जाएंगे।

### हरियाणा के 14 अधिकारियों को मिलेगा पुलिस पदक

## करनाल रेंज ममता सिंह राष्ट्रपति पुलिस पदक से होंगी सम्मानित

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**गणतंत्र** दिवस के अवसर पर हरियाणा पुलिस के 14 पुलिस अधिकारियों को विशिष्ट सेवाओं के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक एवं सराहनीय सेवाओं के लिए पुलिस पदक से सम्मानित करने के लिए चुना गया है।

हरियाणा पुलिस के प्रवक्ता ने मंगलवार को बताया कि केन्द्रीय गृह मंत्रालय द्वारा पुलिस महानिरीक्षक करनाल रेंज, करनाल ममता सिंह और सीआईडी पंचकूला के पुलिस अधीक्षक सुरेन्द्र वत्स को विशिष्ट सेवाओं के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित किया है, जबकि 12 अन्य पुलिस अधिकारियों को सराहनीय सेवाओं के लिए पुलिस पदक से अलंकृत किया गया है।



सराहनीय सेवाओं के लिए पुलिस पदक से सम्मानित होने वालों में धर्मबीर सिंह, कमांडेंट द्वितीय आईआरबी भोंडसी गुरुग्राम, अनिल कुमार डीएसपी नारायणगढ़, शीतल सिंह डीएसपी आरटीसी भोंडसी गुरुग्राम, मनीष सहगल डीएसपी सीआईडी फरीदाबाद, सुनीता रानी इंस्पेक्टर आरटीसी भोंडसी गुरुग्राम, जनक राज उप-निरीक्षक हिसार, सुख राम सिंह ईएसआई पंचकूला, उमेश कुमार ईएसआई फरीदाबाद, सीमा ईएसआई टेलीकॉम पंचकूला, राम गोपाल एएसआई जीआरपी कुरुक्षेत्र, विनोद कुमार एएसआई सीआईडी, पंचकूला और राजेश कुमार एएसआई पुलिस मुख्यालय पंचकूला शामिल हैं।

पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार अग्रवाल ने पदक प्राप्त करने वाले सभी पुलिस अधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि यह समस्त पुलिस बल के लिए गर्व का क्षण है कि हमारे 14 अधिकारियों को इन महत्वपूर्ण एवं प्रतिष्ठित सम्मान के लिए चुना गया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर मिली इस उपलब्धि से पुलिस पदक से अलंकृत होने वालों के साथ-साथ राज्य पुलिस बल के अन्य अधिकारियों और जवानों का भी मनोबल बढ़ेगा।

### भाजपा छोड़ सपा में गए स्वामी प्रसाद मौर्य के सामने लड़ा सकती है चुनाव

# कांग्रेस के पूर्व केंद्रीय मंत्री ने पार्टी छोड़ भाजपा का हाथ थामा

**एजेंसी।** लखनऊ

**कांग्रेस** को यूपी में बड़ा झटका लगा है। पूर्व केंद्रीय मंत्री कुंवर रतनजीत प्रताप नारायण सिंह ने मंगलवार को कांग्रेस छोड़ दी। उन्होंने कार्यकारी अध्यक्ष सोनिया गांधी को अपना इस्तीफा भेजा। दोपहर में आरपीएन ने दिल्ली में भाजपा की सदस्यता ली। उन्हें यूपी चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान ने भाजपा ज्वॉइन कराई।

कांग्रेस ने एक दिन पहले सोमवार को ही आरपीएन सिंह को स्टार



प्रचारक बनाया था। वे झारखंड के प्रभारी भी थे। आरपीएन सिंह के कांग्रेस छोड़ने के बाद कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने उन्हें कायर करार दे दिया है। सुप्रिया ने कहा, कांग्रेस पार्टी जो लड़ाई लड़ रही है, वह केवल बहादुरी से लड़ी जा सकती है।

उधर, विधानसभा चुनाव से ठीक पहले आरपीएन सिंह ने कांग्रेस को अलविदा कह और भाजपा में शामिल होकर प्रदेश की राजनीति में उथल-पुथल मचा दी है। माना जा रहा है कि भाजपा आरपीएन सिंह को समाजवादी पार्टी के पडरौना से विधायक नेता स्वामी प्रसाद मौर्य के सामने खड़ा करेगी। इसे लेकर मौर्य ने भी प्रतिक्रिया दी है और आरपीएन सिंह के खिलाफ चुनावी लड़ाई में अपनी जीत को लेकर भरोसा जताया है।

मौर्य ने कहा कि आरपीएन सिंह राजमहल में पैदा हुए। वह राजा हैं और मैं फकीर हूं। राजा से लड़ाई में मैं फकीर ही जीतूंगा। उन्होंने कहा कि चिंता उन लोगों को होनी चाहिए जो मलाई खाना चाहते हैं। मैं मस्त रहता हूं, हजारों कार्यकर्ताओं से घिरा रहता हूं। आज मैं मंत्री नहीं हूं तो भी कार्यकर्ताओं से घिरा हुआ हूं। वहीं, इस बार भी अपने पडरौना से चुनाव लड़ने के सवाल पर मौर्य ने कहा कि पार्टी जो फैसला लेगी उसका पालन करूंगा।

### एआईएमआईएम ने चार हिंदू उम्मीदवारों को टिकट दिया

**लखनऊ।** एआईएमआईएम ने उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनावों के लिए 27 उम्मीदवारों की लिस्ट जारी की है। इसमें पार्टी ने चार हिंदू उम्मीदवारों को टिकट दिया है। गाजियाबाद की साहिबाबाद सीट से पंडित मनमोहन झा, मुजफ्फरनगर की बुढ़ाना सीट से भीम सिंह बालयान, मेरठ की हस्तिनापुर सीट से विनोद यादव और बाराबांकी में रामनगर सीट से विकास श्रीवास्तव चुनाव लड़ेंगे। पार्टी प्रमुख शौकत अली ने कहा कि हम धर्म के आधार पर टिकट नहीं देते।

**गणतंत्र दिवस से पहले श्रीनगर मार्केट में ग्रेनेड अटैक :** जम्मू। जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में संदिग्ध आतंकवादियों ने मंगलवार को ग्रेनेड अटैक किया। यह हमला हरि सिंह हाई स्ट्रीट इलाके में हुआ। श्रीनगर पुलिस ने जानकारी दी कि इस हमले में चार नागरिकों को मामूली चोटें आई हैं।


## नई बहस : क्या सेना की नजर में समलैंगिकता गैर कानूनी : ओनिर

**एजेंसी।** मुंबई



**भारतीय** सेना से 12 साल पहले पद छोड़ चुके एक समलैंगिक मेजर जे सुरेश पर बन रही फिल्म की स्क्रिप्ट को सेना ने मंजूरी देने से इनकार कर दिया है। नेशनल अवॉर्ड विनर गे फिल्मकार ओनिर ने सवाल उठाया है कि क्या भारतीय सेना की नजर में समलैंगिक होना गैर कानूनी है?


उनका कहना है कि सुप्रीम कोर्ट का 2018 वाला ऐतिहासिक फैसला 'समलैंगिकता अपराध नहीं है' का औचित्य ही क्या है? ओनिर को साल 2011 में उनकी फिल्म 'आई एम' के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार भी मिला था। ओनिर ने एक मीडिया पर्सन दिए बयान में कहा कि 'मेरी फिल्म की स्क्रिप्ट को आर्मी ने इसलिए रिजेक्ट किया, क्योंकि जो मेरी फिल्म का नायक आर्मी मैन है वो गे है। आर्मी के हिसाब से आर्मी में गे होना लीगल नहीं है।' सेना का यह नजरिया तब है जबकि सुप्रीम कोर्ट के 2018 के डिसीजन के बाद, जिसमें समलैंगिकता को मान्यता मिली। ओनिर ने कहा है कि 'मैंने यह स्टोरी मिड दिसंबर में डिफेंस मिनिस्ट्री को भेजी थी, क्योंकि नए कानून के अनुसार, यदि आपका भारतीय सेना से कोई चरित्र या कुछ भी लेना-देना है, तो उस फिल्म को बनाने के लिए आपको भारतीय सेना से एनओसी लेना ही होगा। अन्यथा, आप वह प्रमाणित नहीं कर पाएंगे। मुझे 4-5 दिन पहले डिफेंस मिनिस्ट्री की तरफ से एक ईमेल मिला, जिसमें बताया गया कि आपकी रिक्वेस्ट को रिजेक्ट कर दिया गया है। सेना के जवान के रूप में समलैंगिक चरित्र दिखाना अवैध है, इसलिए उसे रिजेक्ट किया गया है।






## BONY POLYMERS (P) LTD.

Rubber Moulded Parts, Rubber to Metal bonded parts, Non Asbestos Friction Materials, Hoses, Hose Assemblies & Fuel Tubes and Plastic Parts.



Mr. Raj Bhatia
Managing Director

WISHING YOU A VERY
*Happy Republic Day*

Plot No. 37P, Sec-6, Faridabad-121006
Tel: 0129-2211701-03, E-mail : bony@bonypolymers.com

## HGI AUTOMOTIVES PRIVATE LIMITED

FOR ALUMINIUM & ZINC PRESSURE DIE CASTED COMPONENTS
MACHINING & PAINTING FACILITIES ALSO AVAILABLE



S.C. GARG
(DIRECTOR)

Wishing you a Very
*Happy Republic Day*

Plot No.-19, Sector58, Faridabad - 121004, Mob.: 9811045608
E-mail : hgiautomotives@yahoo.co.in, Website : www.hgiautomotives.com

9813389010



## के. सी. प्रशांत पैथ लैब

**NABL & ICMR**
Approved Lab

1. TB RTPCR 2. HCV RNA Quantitative
3. HBV DNA Quantitative 4. Ferritin
5. CORONA RTPCR 6. D Dimer
7. Corona Antibody REPORT WITHIN 3-6 Hrs.

## APNA BLOOD BANK

सभी प्रकार के रक्त कणों को उपलब्ध करवाने वाला एक मात्र ब्लड बैंक

1) Packed Red Blood Cells (PRBC) *24x7 availability of blood
2) Cryoprecipitate 3) Frozen Plasma (FFP)
4) Platelet Concentrate (RDP & SDP)

एकमात्र अन्तर्राष्ट्रीय मशीनो से सुसज्जित ब्लड बैंक

*Happy Republic Day 2022*

New, Sohna Road, Opp. Civil Hospital, Palwal-121102
**Call Now : Dr. Prashant Gupta (9813389010)**

## फरीदाबाद चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की तरफ से आप सभी को



श्री एच.के. बतरा
प्रधान

गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं



श्री आशीष जैन
महासचिव

FCCI

**Address** : SB-20, 2nd Floor, Crown Plaza Mall, Sector-15A, Faridabad
**Mob.**: 9910116747, **E-mail** - fcci2002@hotmail.com

**Pt. L.R. GROUP OF INSTITUTIONS**
Approved By : AICTE New Delhi I MHRD Govt. of India & DTE Haryana
Affiliated to MDU, University Rohtak & HSBTE Haryana I Pt. B.D. Sharma University

- B.Tech • M.Tech
- B.Pharma
- D.Pharma
- BBA/BCA
- Polytechnic Diploma

- Mechanical
- Electrical
- Electronics • Civil
- Computer Science
- Architecture Asst.



Kaboolpur Bangar, Ballabgarh, Sohna Road, Faridabad - 121001
For More Information Call : +91 9540028828
www.ptlrgi.com | ptlrct@gmail.com
919540028826 | @ptlrgroup



**FARIDABAD INDUSTRIES ASSOCIATION**
Wishing You a very Happy Republic Day 2022

Narendra Aggarwal, Vice President
B R Bhatia, President
Narender Gupta, MLA, Faridabad & Vice President
S. K. Kapoor, Vice President
Satish Gossain, Vice President
Rishi Agrawal, Vice President
Satish Bhatia, Hony. Treasurer

FIA HOUSE, BATA CHOWK, FARIDABAD
E-Mail : fiafbd@gmail.com



**अर्श हॉस्पीटल**
तिगांव रोड, सैक्टर- 78, ग्रेटर फरीदाबाद
50 BEDDED Multispeciality Hospital

- नार्मल एवं LSCS डिलीवर
- दूरबीन द्वारा पित्त की थैली, हर्निया
- एवं एपेंडिन्डक्स का ऑप्रेशन
- पाइल्स/बवासीर का ऑप्रेशन
- पथरी का ऑप्रेशन
- हड्डियों का ऑप्रेशन
- डायलिसिस की सुविधा
- 2D ECHO, TMT Test Facility

कैशलैश मेडिक्लेम की सुविधा
लैब अल्ट्रासाउंड, रंगीन एक्स-रे, ई.सी.जी.
आयुष्मान भारत के पैनल पर
ICU With वेन्टिलेटर की सुविधा



गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ लोकेश कुमार गर्ग
MBBS,DTCD, PGDS, MD(AM)
फिजिशयन एवं छाती रोग विशेषज्ञ
9540433300, 9650282730



**INDIA KA EKLAUTA**
HUDA SECTOR में एफोर्डेबल हाऊसिंग प्रोजेक्ट
101 सुविधाओं वाला
HRH
2/3 BHK
मात्र ₹19.75 LAC/-
26 HAPPY REPUBLIC DAY



VASANT VALLEY
Sector-56A, Faridabad
56 GRAND AVENUE BY HRH
TIME SQUARE THEMED COMMERCIAL

FIRST TIME SQUARE THEMED COMMERCIAL IN DEVELOPED HUDA SECTOR
FIRST COMMERCIAL OF AFFORDABLE HOUSING SEGMENT WITH CAPSULE GLASS LIFT
FIRST COMMERCIAL OF AFFORDABLE HOUSING WITH CLASSIC ATRIUM
FIRST FOUR SIDED OPEN COMMERCIAL IN AFFORDABLE HOUSING SEGMENT
FIRST COMMERCIAL IN AFFORDABLE HOUSING SEGMENT WITH HUGE LAWN

Call: 9540-955-955

HRH CITY PROJECTS PVT. LTD.
Corp. Office: 660/16A, Faridabad Ph.: 0129-408-24-24
Website: www.hrhcity.com E-mail: info@hrhcity.com
Site Office: Sector-56A, Faridabad-121004



Happy Republic Day 2022
30 YEARS OF EXCELLENCE IN EDUCATION
JIVA EDUCATION
**JIVA PUBLIC SCHOOL**
Nurture the nature
according to the nature

HEALTHY HABITS & CULTURAL ENRICHMENT

AYURSCHOOL PROGRAM
enables students to identify their individual body type to build awareness towards Ayurveda and keep them connected to their culture

DINCHARYA KE NIYAM
self-management program to encourage children to follow a disciplined routine for a healthy body

INNOVATIVE MINDS

MULTIPLE INTELLIGENCE & MULTIPLE NATURES
identifying true nature of each child and nurturing them according to their strengths to make them future global leaders

JIVAKUL CLUBS
the experiential methodology that help students develop accountability and social responsibility

SOCIAL ADAPTABILITY

SWADHYAY
a powerful tool to help students connect with themselves and seek continuous improvement of self to inculcate values

SOE
a unique program that helps children explore their relationship with self, others and the environment to foster holistic learning

EMPOWERING THE SELF TO CREATE A HEALTHY, WEALTHY AND PEACEFUL SOCIETY

ACHIEVEMENTS
INDIA SCHOOLS AWARD BY QUALITY BRANDS
BEST ICSE SCHOOL AWARD BY AVP MEDIA
SCHOOL EXCELLENCE AWARD 2018-2019 BY BRAINFEED AWARDS
NATIONAL SCHOOL EXCELLENCE AWARD BY NATIONAL CHAMBER OF COMMERCE AND INDUSTRY OF INDIA



ADMISSIONS OPEN For the session 2022-23
Classes Nursery - IX and XI
Registration Form Available at School Reception. Online Forms are also available at www.jivapublicschool.com/admissions

Jiva Public School, Jiva Marg, Sector - 21B, Faridabad - 121001, Haryana
Ph No. 0129-4294802, 4294804
Fax: 0129-4294899 I Website: www.jivapublicschool.com


लायंस क्लब फरीदाबाद सैंट्रल
सभी फरीदाबाद वासियों को
गणतंत्र दिवस 2022
की हार्दिक शुभकामनाएं
लायन एन.के. गुप्ता
लायन राकेश कुमार गुप्ता (MJF)


WISHING YOU A VERY
Happy Republic Day 2022
NAVDEEP CHAWLA
Managing Director
SIDDHARTH CHAWLA
Director
pil
PSYCHOTROPICS INDIA LIMITED
Plot No.17, Sector-20A, Faridabad, Haryana
Ph.: 0129-2282691, 2296764, +91-9810189628
Email: sid@psychoindia.com, admin@psychoindia.com


आप सभी फरीदाबाद क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं
देवेन्द्र चौधरी
चौ. कृष्णपाल गुर्जर
गोल्डी अरोड़ा
जिला महामंत्री,
भाजपा युवा मोर्चा फरीदाबाद
मुकुल चोपड़ा
जिला मीडिया प्रभारी, भाजपा युवा मोर्चा, फरीदाबाद


आप सभी फरीदाबाद वासियो को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
लायन आर.के. चिलाना


GULATI STEEL FAB. (P) LTD.
AN ISO 9001 : 2008 CERTIFIED CO.
Approved From :Lloyda Register of Shipping
RITES Ltd. (A Govt. of India Enterprises)
Wishing you a Very
Happy Republic Day 2022
SUNIL GULATI
DIRECTOR
Plot No.-139, Sector - 24, Industrial Area, Faridabad - 121005
Ph.: 0129-4197777, Mob : 9811085354
E-mail : steelfab@gulatisteel.com, Web : www.gulatisteel.com


Maharishi Dayanand Educational Society
For Completing the Golden 50 years & for Entering the 52 year of the institutes
thank you all for your support.
Hearty greetings from
Maharishi Dayanand Educational Society
to all the countrymen
on the auspicious occasion of
26 january
Republic Day
Mahatma Late Shri K.L. Mehta
Founder President
Late Dr. Mrs. Vimal Mehta
Former President
फरीद बाबा की नगरी में, शिक्षा का अलख जगाया, ज्ञान का दीपक जलाकर, अनंत प्रकाश फैलाया।
हम प्राणी नगर की जनता के, मन से जिसने अपनाया, हर विद्यालय की ईट-ईट में आपका स्नेह समाया।
Our Educational Institutes
K. L. Mehta Dayanand Women's College, NH-3
K. L. Mehta Dayanand Senior Sec. School (Nehru Ground)
K. L. Mehta Dayanand Senior Sec. School (Sector-7C)
K. L. Mehta Dayanand Senior Sec. School (Jawahar Colony)
K. L. Mehta Dayanand School (Sector-23)
K. L. Mehta Dayanand School (3G)
K. L. Mehta Dayanand School (2M / 25)
K. L. Mehta Dayanand School (5K / 55-56)
K. L. Mehta Dayanand School (Mujesar)
K. L. Mehta Dayanand Senior Sec. School (Sector-16)
K. L. Mehta Dayanand School (Sector-10)
K. L. Mehta Dayanand Senior Sec. School (Press Colony)
K. L. Mehta Dayanand School (Sector-17)
K. L. Mehta Dayanand School (5E / 55)
K. L. Mehta Dayanand School (2E / 27)
K. L. Mehta Dayanand School (Sector-1E / 64)
Mahatma Kanhaiya Lal's Tapobhumi and Faridabad's
First-ever Premier Educational Society
Maharishi Dayanand Educational Society
Arya Samaj Road, Nehru Ground,
N.I.T., Faridabad, (Haryana)
Phone No. 0129-2418254
Anand Mehta
President,
Maharishi Dayanand Educational Society
Mrs. Saroj Gumber
(General Secretary)
Professor J.C. Arya
(Treasurer)
Dr. Anita Kant
(Vice President)
Ramesh Chawla
(Joint Secretary)


Proud to say
IamSMEofIndia
26th JANUARY
HAPPY REPUBLIC DAY
THE INDIAN MSMEs
1.3 Billion Dreams
63 Million Enterprises
12.5 Million GST Registrations
4.8 Million Udyog Aadhar Registrations
70,000 Products
50,000 Start-ups
6,000 Services
92% share in Employment
45% share in Exports
40 % share in Manufacturing
30% Contribution to National GDP
2nd largest Employment Generation
No.1 in Building India
Rajive Chawla
(Chairman)
IamSMEofIndia
One Voice
IamSMEofIndia
The Face of Progressive Indian MSMEs
www.IamSMEofIndia.com
IamSMEofIndia Habitat Centre, Mathura Road, Sector 11, Faridabad, Haryana
9711101666, 9711123111 | info@iamsmeofindia.com

# गणतंत्र दिवसः शहर के चप्पे-चप्पे पर है पुलिस की नजर

## अधिकारी, नेता चिकित्सक, स्टाफ आम आदमी सभी की जांच के दिए निर्देश

## वाहनों को सार्वजनिक स्थानों से दूर खड़े करने के दिए निर्देश


बीके अस्पताल में सुरक्षाकर्मियों को जांच की जानकारी देते पुलिसकर्मी।


महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया की जांच करती सुरक्षाकर्मी।

**कविता।** फरीदाबाद

**गणतंत्र** दिवस की तैयारियों को लेकर पुलिस प्रशासन मुस्तैद नजर आ रहा है। शहर में जहां एक तरफ जगह-जगह नाके लगाये गए हैं। वहीं दूसरी तरफ शहर के सार्वजनिक स्थानों से लेकर सिविल अस्पताल, डिस्पेंसरियों, नगर निगम कार्यालयों तथा अन्य सभी स्थानों पर पुलिस जांच करती हुई नजर आई। पुलिस प्रशासन ने बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वॉयड के साथ शहर के सबसे बड़े सिविल अस्पताल में विशेष नजर बनाए रखी। वहां मौजूद सभी सुरक्षा कर्मियों को पूरे दिन सख्ती से जांच करने के निर्देश दिए और उन्हें जांच करने के तरीके से भी अवगत करवाया। जिसमें उन्होंने अस्पताल परिसर में खड़े होने वाले वाहनों को पूरी तरह से बाहर का रास्ता दिखाने के निर्देश दिए। साथ ही अधिकारियों, चिकित्सकों, स्टाफ से लेकर सभी आने जाने वालों की गहनता के साथ जांच करने के आदेश दिए।

**पहले की जांच :** गणतंत्र दिवस को लेकर पुलिस द्वारा शहर भर में बम निरोधक दस्ते के साथ गहनता के साथ जांच की जा रही है। इसी कड़ी में बीके अस्पताल में भी बम निरोधक दस्ते की टीम ने जांच की। वहीं डॉग स्क्वॉयड की टीम द्वारा चप्पे-चप्पे की जांच की गई। इसके बाद पुलिस, बम निरोधक और डॉग स्क्वॉयड टीम के सदस्यों ने बीके अस्पताल के कर्मचारियों को एकत्रित करके वहां आने-जाने वालों की जांच करने के सख्त निर्देश देते हुए उन्हें प्रशिक्षण दिया कि वह किस तरह से सभी की जांच करें।

**सभी की जांच :** अस्पताल में आने-जाने वाले सभी रास्तों को बंद करवा कर, मात्र एक गेट को खुलवा दिया। जिस पर सभी की जांच के बाद लोगों को अंदर जाने दिया। वहीं अस्पताल की ओपीडी और अपातकालीन कक्ष तथा वार्डों में तैनात सुरक्षा कर्मियों को गहनता के साथ जांच करने के निर्देश दिए। जिसके तहत ओपीडी और अपातकालीन कक्ष पर दो पुरूष और एक महिला सुरक्षाकर्मी की तैनाती की गई। जिसमें उन्होंने चिकित्सकों और यहां दौरा करने वाले सभी लोगों की जांच के बाद ही अंदर जाने दिया।

# कालीबाड़ी मंदिर में टीकाकरण शिविर

**फरीदाबाद।** 73वां भारतीय गणतंत्रता दिवस की पुण्यतिथि में एक बार पुन: फरीदाबाद कालीबाड़ी सेक्टर-16 ने इस वैश्विक महामारी के दौरान अपने चिर प्रचलित अंदाज में समाज के सभी वर्गों के लिए मंदिर परिसर में ही कोविड टीकाकरण शिविर का आयोजन किया है।

26 जनवरी के अवसर पर फरीदाबाद कालीबाड़ी ने पहली बार 15 से 18 वर्ष के आयु वर्ग के बच्चों एवं 60 वर्ष से ऊपर के वरिष्ठ नागरिक (जिनको कोविड के द्वितीय डोस लिए हुए नौ महीने हो चुके हैं) के लिए बूस्टर डोज की भी सुविधा प्रदान करने की व्यवस्था की है। इसके अतिरिक्त यहां पर पहले और दूसरे डोस की टीकाकरण की भी व्यवस्था रहेगी। टीकाकरण सुबह 10 बजे से प्रारम्भ किया जाएगा। टीकाकरण हेतु आने वाले सभी लाभार्थियों से अनुरोध है की वो अपने प्रथम/द्वितीय डोस की प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड की फोटो कॉपी जरूर साथ लेकर आएं।

# संक्षिप्त समाचार

## सेंट कोलंबस में 73वां गणतंत्र दिवस समारोह आयोजित


सेंट कोलबंस स्कूल में गणतंत्र दिवस पर कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे।

**फरीदाबाद।** सेंट कोलबंस विद्यालय, दयाल बाग, फरीदाबाद के प्रांगण में 73वां गणतंत्र दिवस समारोह विशेष हर्षोल्लास से मनाया गया। कोरोना काल के कारण विद्यार्थियों को ऑनलाइन कक्षाओं में ही इस पर्व को मनाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर ऑनलाइन विद्यार्थियों के लिए अनेक गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसमें राष्ट्रीय ध्वज, राष्ट्रीय प्रतीक चिह्न, कॉलार्ज मेकिंग (स्वतंत्रता सेनानी), तिरंगा मोमबत्ती, तिरगां फूल, पोस्टर मेकिंग आदि बनवाए गए। कोरोना काल में इस कार्यक्रम का आयोजन दो गज की दूरी, मास्क का प्रयोग...आदि कोरोना के नियमों का पालन करते हुए अत्यधिक सावधानी पूर्वक किया गया। कार्यक्रम के आयोजन का उद्देश्य धर्म, संप्रदाय, जाति-पांति से ऊपर उठकर विद्यार्थियों को एकता के सूत्र में पिरोना था। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. पूनम राना (एम.बी.बी.एस, एम.एस. नेत्र विज्ञान) रहीं। विद्यालय के अध्यक्ष ऋषि चौधरी एवं प्रधानाचार्या श्रीलेखा वीएम जी व मुख्य अतिथि के सानिध्य में ध्वजारोहण किया गया।

## संदेशः 4451 कोरोना संक्रमित हुए ठीक



**फरीदाबाद।** जिले में कोरोना महामारी का आतंक पिछले कुछ समय से तेजी के साथ बढ़ रहा था। वहीं दूसरी तरफ अब केन्द्र सरकार की नई गाइडलाइन के अनुसार सात दिनों बाद लोगों को ठीक करने के निर्देश दे दिए है। इसी कड़ी में जिले में मंगलवार को एक दिन में 4451 रोगियों को स्वास्थ्य घोषित कर दिया गया। वहीं जिले में 684 नए संक्रमित मरीज आने की पुष्टि जिला स्वास्थ्य विभाग ने की है। जिसमें दो मौते और होने से कोविड-19 मृतकों की संख्या का आंकड़ा 730 पर पहुंच गया है। जिले में नए 684 मरीज सामने आने से एक्टिव केसों की संख्या का आंकड़ा 7237 पर पहुंच गया है। जिसमें होम आईसोलेशन में 7046 और अस्पताल में 191 लोगों को भर्ती बताया गया है। जिसमें 29 ऑक्सीजन पर है। कोरोना समेत गंभीर बीमारियों से ग्रस्त 40 लोगों को आईसीयू में भर्ती किया गया है। वहीं वैंटीलेटर पर 12 कोरोना पॉजिटिव मरीजों को भर्ती किया गया है। जिले में कोरोना के खत्मे के लिए वैक्सीनेशन और कोरोना जांच पर जोर दिया जा रहा है। जिसके तहत 4455 की जांच मंगलवार को गई। वहीं सरकारी अस्पतालों में 3497 और निजी की 1067 की रिपोर्ट निजी अस्पताल में आनी शेष है।

## ईपीएफओ कार्यकारिणी चुनाव के बाद पहली मीटिंग हुई


यूनियन कार्यकारिणी की पहली बैठक में शामिल सभी पदाधिकारी-सदस्य।

**फरीदाबाद।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) कर्मचारी यूनियन फरीदाबाद रीजन के चुनाव संपन्न होने के बाद मंगलवार को नई कार्यकारिणी की पहली बैठक हुई। यह बैठक ईपीएफओ कार्यालय में आयोजित की गई थी, जिसमें कार्यालय के सभी अधिकारियों, कर्मचारियों ने नई कार्यकारिणी का सम्मान किया। इस मौके पर ईपीएफओ के नवनिर्वाचित प्रधान भगत सिंह बैसला ने कहा कि ईपीएफओ यूनियन हमेशा ही संगठन के सर्वांगीण विकास के लिए तत्पर रही है। यह एक ऐसा मंच है, जहां बिना भेदभाव के और संपूर्ण समरसता के साथ सभी तरह के विवादों को निपटा लिया जाता है। यूनियन का लक्ष्य उन्नति की तरफ अग्रसर होने का रहता है। नई कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष पद धर्मेंद्र सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष सत्यवीर सिंह, महासचिव धीरज शर्मा, संयुक्त सचिव जितेंद्र कुमार, कैशियर वीरेंद्र कुमार को चुना गया है। इसके अलावा कार्यकारिणी सदस्यों में क्रमश : लेखा सूद, प्रीतम सिंह, राम सिंह, शिव कुमार, महेंद्र सिंह और पंकज कुमार शामिल है।

# बच्चे चुराने वाले गिरोह का पर्दाफाश, महिला आयोग ने किया अस्पताल का दौरा

## बच्ची के शरीर पर 16 टांके देखकर अधिकारियों को दिए जांच के सख्त निर्देश


बीके में महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया, पीएमओ, सीएमओ और चिकित्सकों को निर्देश देते हुए।

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**गुरुग्राम** में एक टैक्सी ड्राइवर की सर्तकता की वजह से बच्चों का अपहरण कर उन्हें बेचने वाले एक गिरोह का पर्दाफाश पुलिस ने किया है। पुलिस ने दो महिलाओं समेत कुछ लोगों को गिरफ्तार किया है।

महिलाओं के चंगुल से मुक्त करवाई गई एक माह की बच्ची को यहां सेक्टर-30 स्थित पालना घर में रखा गया है। इस बच्ची के शरीर पर 16 टांके पाए गए हैं। जिससे मानव अंग तस्करी की आशंका को देखते हुए महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया ने मंगलवार को बीके अस्पताल का दौरा कर सीएमओ डॉ. विनय गुप्ता और पीएम डॉ. सविता यादव को बच्चे की गहनता के साथ जांच करवाने के आदेश दिये हैं। इस दौरान उन्होंने बीके अस्पताल के वार्डो का दौरा कर मरीजों का हालचाल जाना। इस दौरान डिप्टी सीएमओ डॉ. सुशील कुमार अहलावत, आरएमओ डॉ. रोहित गौड, सर्जन डॉ. संदीप अग्रवाल और अन्य चिकित्सक मौजूद रहे।

### वैन चालक को सम्मानित करेंगे

**महिला** आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया ने बीके अस्पताल का दौरा करते हुए दाखिल महिलाओं और बच्चों का हालचाल पूछा। उन्हें अपने बच्चों को लेकर सतर्कता बरतने को कहा। उन्होंने बताया कि गुरुग्राम में एक वैन में सवार दो महिलाएं दो बच्चियों को लेकर जा रही थी। दोनों महिलाएं एक से डेढ़ लाख रुपये में बच्चियों को बेचने की बात आपस में कर रही थी। जिनकी बात सूनकर वैन चालक सतर्क हो गया। उसने गुरुग्राम स्थित डीएलएफ थाने में आरोपियों को पुलिस को सौंप दिया। पुलिस द्वारा पूछताछ के बाद 16 आरोपियों को अब तक पकड़ा जा चुका है। पुलिस पूछताछ से पता चला कि आरोपियों द्वारा बच्चों को राजस्थान ले जाया जा रहा था। रेनू भाटिया ने बताया कि इनमें से एक बच्ची के शरीर पर पाए गए 16 टांकों के निशान मानव अंग तस्करी की आशंका की ओर इशारा कर रही है। उन्होंने कहा कि वैन चालक को उन्होंने सम्मानित करने और पुरस्कार देने का फैसला लिया है।

### स्वास्थ्य अधिकारियों को दिए ये आदेश

**बीके** अस्पताल का दौरा करने पहुंची महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया ने सीएमओ डॉ. विनय गुप्ता और पीएमओ सविता यादव को अपने आने का कारण बताया। उन्होंने कहा कि अपहरणकर्ताओं के चंगुल से मुक्त करवाई गई बच्ची को सेक्टर 30 के पालना घर में रखा गया है। बच्ची के शरीर पर 16 टांके पाए गए हैं। ऐसे में बच्ची की गहनता के साथ मेडिकल जांच करवाना बेहद जरूरी है। उन्होंने स्वास्थ्य अधिकारियों को बच्ची की जांच करवा कर रिपोर्ट बनाकर देने के आदेश दिये हैं।

# स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर निगमायुक्त ने ली बैठक


स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते निगमायुक्त यश पाल यादव।


**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**निगमायुक्त** यशपाल यादव ने स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 को लेकर इंजीनियरिंग, सैनिटेशन तथा अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ मीटिंग की। मीटिंग में निगमायुक्त ने अधिकारियों से स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 को लेकर जिन अधिकारियों की विभिन्न प्रकार के कार्य करने की डयूटी लगाई गई थी और उन्होंने अब तक क्या कार्य किया है उनके बारे समीक्षा की गई।

निगमायुक्त ने सभी अधिकारियों से स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 में वांछित रेटिंग प्राप्त करने के लिए और नगर निगम क्षेत्र में समग्र स्वच्छता में तेजी से सुधार सुनिश्चित करने तथा ये सभी कार्य फरवरी के अंत तक पूरे किए जाने के निर्देश दिए और कहा कि भारत सरकार की टीम मार्च में सर्वेक्षण करने के सम्भावना है। मीटिंग में निगमायुक्त ने निर्देश दिया कि नगर निगम के प्रत्येक शौचालय में सीवर/पानी/लाइट आदि का कनेक्शन होना चाहिए। स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 के दिशानिर्देश अनुसार अच्छी तरह से बनाए रखा जाना चाहिए।

यदि आवश्यक हो, तो इन सभी शौचालयों और स्वच्छता कर्मचारियों के संचालन और रखरखाव के लिए एक एजेंसी लगाए। सभी शौचालयों की उचित सफाई आदि सुनिश्चित करने के लिए समय-समय पर निरीक्षण का कार्य देखे। मीटिंग में निगमायुक्त ने इंजीनियरिंग विभाग के अधिकारियों को शहर के नाले-नालियों, ड्रेनों को पूरी तरह से सफाई करने और बाजारों से अतिक्रमण हटाने, टूटी सड़कों की मरम्मत करने तथा गड्ढे भरने के भी निर्देश दिए।

# ऑनलाइन सूचना आवेदन वेबसाइट शुरू, जताया हर्ष



**फरीदाबाद।** राज्य सूचना आयोग हरियाणा ने 24 जनवरी 22 को हरियाणा राज्य में पहली बार ऑनलाइन सूचना का आवेदन दिए जाने के लिए वेबसाइट का शुभारंभ किया। इसका उद्घाटन मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर जी ने अपने चंडीगढ के कैम्प कार्यालय से मुख्य सूचना आयुक्त यशपाल सिंघल एवं अन्य सभी सूचना आयुक्तों की उपस्थिति में किया।

आरटीआई कार्यकर्ता एसोसिएशन के प्रधान अजय बहल ने इस अवसर पर सभी आरटीआई कार्यकर्ताओं एवं सूचना पाने के इच्छुक आम नागरिकों तथा सरकार को बधाई देते हुए कहा कि अब सूचना पाने की राह काफी आसान हो जाएगी तथा सूचना का लिए आवेदन ऑनलाइन जमा करवाये जा सकेंगे। इस प्रक्रिया को सरल व ऑनलाइन बनाने के लिए पिछले अनेक वर्षों से प्रयत्नशील थी व सरकार एवं राज्य सूचना आयोग को इस बारे अनेक ज्ञापन भी दिए थे। अभी इस पायलट प्रोजेक्ट में केवल मुख्य सचिव कार्यालय एवं राज्य सूचना आयोग हरियाणा के लिए ही सूचना के आवेदन स्वीकार किये जायेंगे।

# सीड्स संस्था सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार से सम्मानित

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिया यह सम्मान

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**आपदा** प्रबंधन के क्षेत्र में किए गए अनुकरणीय कार्यों को मान्यता और पहचान देते हुए भारत सरकार ने सीड्स (सस्टेनेबेल एनवॉयरमेंट एंड इकोलॉजिकल डेवेलपमेंट सोसाइटी) को संस्थागत श्रेणी में 2021 का सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार प्रदान किया है।

23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर इस प्रतिष्ठित पुरस्कार को देने की घोषणा की गई। नेता जी के सम्मान में इस पुरस्कार का गठन किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पुरस्कार समारोह में अपने विचारों को साझा करते हुए कहा कि 'कोई आपदा आती है तो लोग विक्टिम्स नहीं रहते, वो वॉलंटियर्स बनकर आपदा का मुकाबला करते हैं। यानी, आपदा प्रबंधन अब एक सरकारी काम भर नहीं है, बल्कि ये 'सबका प्रयास' का एक मॉडल बन गया है।' तीन दशक पहले शुरू हुई सीड्स की इस सामजिक बदलाव की यात्रा ने समय के अनुसार संस्था के इस विचार को एक आंदोलन के रूप में स्थापित किया है।

जल-वायु परिवर्तन से प्रभावित, समाज के सबसे निचले तबके, गरीबों और वंचित की जिंदगी पर सकारात्मक प्रभाव डालने की कोशिश में यह संस्था अग्रसर है। आपदा के बदलते स्वरूप के अनुसार, संस्थान सीड्स ने हर तरह की आपदा से निपटने में महारत हासिल की।

# डीएसपी ग्लोबल इनोवेशन फंड ऑफ फंड के लिए पहला एसआईपी-फोकस्ड एनएफओ लॉन्च किया

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**डीएसपी** इन्वेस्टमेंट मैनेजर्स ने डीएसपी ग्लोबल इनोवेशन फंड ऑफ फंड (डीएसपी जीआईएफ) के लिए भारत का पहला एसआईपी-फोकस्ड एनएफओ लॉन्च करने की घोषणा की। डीएसपी जीआईएफ एक फंड ऑफ फंड्स है (यह खुद अलग-अलग अंतरराष्ट्रीय फंड्स में निवेश करेगा), जो अपने प्रमुख संचालक बल के तौर पर इनोवेशन पर फोकस करता है। यह उन कंपनियों की पहचान करता है जो नवीनतम सोच को केंद्र में रखते हैं, यह प्रासंगिक बने रहने की संभावना रखते हैं और इनमें लंबी अवधि में सफल होने की क्षमता होती है।

इनमें मेटावर्स, सेमीकंडक्टर्स, ब्लॉकचौन, 5जी, जीन टेक्नोलॉजी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, स्पेस एक्सप्लोरेशन, इलेक्ट्रिक व्हीकल्स और रोबोटिक्स आदि जैसे उभरते हुए इनोवेशन थीम शामिल हैं। फिलहाल इन उभरते क्षेत्रों में भाग लेने के लिए भारतीय सूचीबद्ध स्पेस में बहुत सीमित अवसर हैं। भारतीय निवेशक अब परिपक्व हो चुके हैं और उन्होंने लंबी अवधि के निवेश के सही तरीके के रूप में एसआईपी को अपनाया है। वे हर महीने एसआईपी के तौर पर करीब 12,000 करोड़ रुपये का निवेश करते हैं। एक और उभरती हुई प्रवृत्ति वैश्विक स्तर पर विविधता की है, ताकि उन इनोवेटिव कंपनियों का लाभ उठाया जा सके, जो भारत में मौजूद नहीं है। हालांकि, ग्लोबल फंड ऑफ फंड्स में हर महीने के 12,000 करोड़ रुपये के एसआईपी प्रवाह में से सिर्फ 200 करोड़ रुपये का निवेश हो रहा है।

डीएसपी जीआईएफ उन कंपनियों की तलाश करता है, जो तीन श्रेणियों, अग्रणी डॉमिनेटर्स, यंग डिसरप्टर्स और कनेक्टिंग एनेबलर्स में शामिल हैं। डीएसपी इनवेस्टमेंट मैनेजर्स के एमडी और सीईओ कल्पेन पारेख ने कहा, 卐डॉमिनेंट कंपनियों और एनेबलर्स ने कोविड के बाद मुनाफे में हुई वृद्धि के कारण कीमतों में शानदार बढ़ोतरी दर्ज की है। दूसरी ओर, डिसरप्टिव इनोवेशन स्पेस में कीमतों में बहुत तेजी से गिरावट आई है और इसकी वजह से उनका पहले ही अधिक चल जाना रहा है।

# जलभराव : आप ने किया प्रदर्शन

## सुविधाएं दिए बिना रिलायंस कंपनी लोगों से वसूल रही है गुंडा टैक्सः भड़ाना


पानी की निकासी को लेकर प्रदर्शन करते आमआदमी पार्टी के कार्यकर्ता।

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**आम** आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को गांव भांखरी में बने टोल रोड की दुर्दशा को लेकर सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन किया। धर्मबीर भड़ाना के नेतृत्व में आप कार्यकर्ताओं ने रिलायंस कंपनी मुर्दाबाद, बोतल में बिक जाओगो, ऐसी सडक़ें पाओगे, आम आदमी पार्टी जिंदाबाद, भाजपा पार्टी मुर्दाबाद के नारे लगाए। आप पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सड़कों में बने गड्ढे, पानी एवं कीचड़ में उतरकर रिलायंस कंपनी के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की।

इस मौके पर भारी पुलिस बल मौके पर मौजूद था। इस अवसर पर आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष धर्मबीर भड़ाना ने मीडियाकर्मियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि जो कंपनी रोड पर टोल वसूलती है, उस रोड को बनाए। यहां पर रोजाना सैंकड़ों लोग निकलते हैं, छोटे-छोटे बच्चे कीचड़ में गिरते हैं और बुरा हाल है। भड़ाना ने इस सडक़ को खूनी सडक़ बताया और इस सबके लिए रिलायंस कंपनी को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि फरीदाबाद के नेता एवं अधिकारी मिलकर पैसा वसूलते हैं, मगर जनता को सुविधाओं के नाम पर परिणाम जीरो है। भडाना ने कहा कि एनआईटी एवं बडखल विधायक मिलकर टोल कंपनी से पैसा वसूली करते हैं, इसी के चलते वो जबरन लोगों से टोल के नाम पर पैसा वसूलते हैं। सरकार एवं पीडब्लयूडी विभाग के अधिकारियों की यह जिम्मेदारी बनती है, जब टोल रोड बना हुआ है और उससे टोल वसूला जाता है तो, लोगों को सुविधाएं भी मिलनी चाहिए। इस मौके पर आम आदमी पार्टी के मेयर पद के दावेदार ओ पी वर्मा, रघुबर दयाल, मंजू गुप्ता, विनोद भाटी एवं भीम यादव ने कहा कि एनआईटी विधायक क्षेत्र की जनता को सुविधाएं देने की बात करते थे, मगर आज वह पूरी तरह से नदारद हैं।

# जीवा पब्लिक स्कूल में वर्चुअली गणतंत्र दिवस आयोजित

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**सेक्टर** 21बी स्थित जीवा पब्लिक स्कूल के छात्रों ने 25 जनवरी को प्रात:कालीन सभा के दौरान 73वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर वर्चुअली रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। विद्यालय में कक्षा पहली से लेकर बारहवीं तक के छात्रों ने राष्ट्रीय पर्व में बढ़-चढ़कर भाग लिया व कार्यक्रम को देशभक्ति के रंग में रंग दिया। छात्रों ने कार्यक्रम के दौरान भारत के संविधान के विषय में चर्चा की। कार्यक्रम में अनेकता में एकता को भी दर्शाया गया।


छात्रों ने विभिन्न राज्यों की वेशभूषा, भोजन, भाषा इत्यादि का प्रदर्शन किया व प्रत्येक राज्य की विशेषता भी बताई। इसके साथ ही भारतीय संविधान से संबंधित एक प्रश्नोत्तरी का भी आयोजन किया गया जिसमें छात्रों से संविधान से संबंधित अनेक प्रश्न पूछे गए। छात्रों ने बड़े उत्साह के साथ इस प्रश्नोत्तरी में भाग लिया व प्रश्नों के उचित उत्तर दिए। कुछ छात्रों ने स्वरचित देशभक्ति की कविताएं सुनाई जो कुछ छात्रों ने गीत व नृत्य भी प्रस्तुत किए।

इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष ऋषिपाल चौहान ने सभी छात्रों एवं अभिभावकों को गणतंत्र दिवस के अवसर पर शुभकामनाएँ दी व संबोधित करते हुए कहा कि भारत की आने वाली पीढ़ी न केवल अपने अधिकारों को जाने बल्कि अपने कर्त्तव्यों को भी समझे साथ ही उनको पूर्ण भी करें, देश को उन्नति के मार्ग पर ले जाए।

# डीएसपी मनीष सहगल और एसआई उमेश को मिलेगा राष्ट्रपति पदक

## क्राइम ब्रांच, थाना, चौकी एवं पुलिस आयुक्त कार्यालय में तैनात 19 पुलिस कर्मियों को गणतंत्र दिवस पर मुख्यातिथि खेलमंत्री संदीप सिंह द्वारा किया जाएगा पुरुस्कृत


मनीष सहगल।


उमेश कुमार।

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**73वें** गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर जिले में कार्यरत डीएसपी, सीआईडी मनीष सहगल तथा उप निरीक्षक उमेश कुमार को राष्ट्रपति पदक से सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ ही फरीदाबाद में ध्वजारोहण करने वाले मुख्य अतिथि एवं खेल राज्यमंत्री संदीप सिंह द्वारा 19 पुलिस कर्मियों को सराहनीय कार्य करने के लिए सम्मानित किया जाएगा।

राष्ट्रपति पदक प्राप्त करने वाले डीएसपी मनीष सहगल का जन्म चंडीगढ़ में वर्ष 1969 में रिटायर्ड आईपीएस देशराज सहगल के घर हुआ। इन्होंने वर्ष 1994 में हरियाणा पुलिस में बतौर एएसआई जॉइन किया और वर्ष 2013 में डीएसपी के पद पर पद्दोनत हुए। मनीष सहगल यूनाइटेड नेशन के दो पीसकीपिंग मिशन का हिस्सा भी रह चुके हैं। जिसमें कोसोवो तथा लाइबेरिया का नाम शामिल है। वर्तमान में डीएसपी सीआईडी के पद पर रहकर वे शहर में कानून व्यवस्था को सदृढ़ करने में अहम् योगदान दे रहे हैं।

राष्ट्रपति पदक से सम्मानित होने वाले एसआई उमेश कुमार का जन्म महेंद्रगढ़ के पाली गांव में हुआ। वे चार दिसंबर 1988 को हरियाणा पुलिस में बतौर सिपाही भर्ती हुए। यह फरीदाबाद के विभिन्न थानों में ने अपनी सेवाएं दे चुके हैं। वे पुलिस आयुक्त कार्यालय में बतौर प्रवाचक काफी समय तक तैनात रहे। आगरा नहर में तीन लोगों की जान बचाकर एक सप्ताह के लिए हीरो ऑफ द वीक भी रहे हैं। उमेश कुमार को कोरोना काल में बेहतरीन कार्य करने पर मुख्यमंत्री द्वारा कोरोना योद्धा कर्मवीर की उपाधि से भी सम्मानित किया जा चुका है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद (हरियाणा) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक : नवीन उपाध्याय, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : (0129) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी।
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

## कांग्रेसी रणनीति

### देवताओं की कसम



**यह** राजनीतिक निराशा की पराकाष्ठा है। गोवा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवारों से एक या दो नहीं, बल्कि तीन देवताओं के सामने कसम खाने को कहा गया कि वे चुनाव में जीतने पर वे पांच साल तक कांग्रेस नहीं छोड़ेंगे। नेतृत्व की यह रणनीति गोवा के मतदाताओं को अश्वस्त करने की है जिनको विश्वास है कि कांग्रेस उम्मीदवारों को वोट देना भाजपा उम्मीदवारों को वोट देने के समान है। जनता की यह समझ 2017 चुनाव के बाद कांग्रेस से बड़े पैमाने पर पालाबदल से बनी है। 2017 में 17 सीटें जीतने वाली पार्टी अंततः घट कर 2 तक पहुंच गई। 'देश की सबसे पुरानी पार्टी' को निश्चित रूप से भगवान से प्रार्थना करने की जरूरत है ताकि उसके लोग एकजुट रहें। उसके विधायक न केवल गोवा में, बल्कि 2014 के बाद से देश के अनेक राज्यों में पाला बदल चुके हैं। अधिकांश मामलों में पालाबदल से भाजपा को लाभ हुआ है। पालाबदल का सबसे खराब मामला अरुणाचल प्रदेश में हुआ जहां मुख्यमंत्री प्रेमा खांडू समेत 44 विधायकों ने पार्टी छोड़ दी और भाजपा समर्थित एक क्षेत्रीय पार्टी में शामिल हो गए। नवंबर में मेघालय में कांग्रेस के 17 विधायकों में से 12 तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो गए। इसके परिणामस्वरूप उसका प्रमुख विपक्षी दल का दर्जा चला गया। 2016 में उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री विजय बहुगुणा आठ अन्य विद्रोही कांग्रेस विधायकों के साथ सदन की सदस्यता से अयोग्य सिद्ध होने के बाद भाजपा में शामिल हो गए। लेकिन केवल कांग्रेस को ही पालाबदल करने वाले विधायकों से नुकसान नहीं उठाना पड़ रहा है। सिक्किम में सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंट के 10 विधायक भाजपा में शामिल हो गए। असम में अनेक भाजपा विधायक और मंत्री तक कांग्रेस से आए हैं। त्रिपुरा में भी यही स्थिति है। मणिपुर की भी स्थिति अलग नहीं है। यहां तक कि बिहार में भाजपा की सहयोगी जदयू को उस समय धक्का लगा जब अरुणाचल प्रदेश में उसके 7 विधायकों में से 6 भाजपा में चले गए। उत्तर प्रदेश में वर्तमान विधानसभा चुनाव के पहले 36 विधायकों ने पाला बदला जिससे ज्यादातर समाजवादी पार्टी को लाभ हुआ, पर भाजपा और रालोद भी इससे लाभान्वित हुए। ऐसे में जब विधायक सत्ता के लालच या अन्य कारणों से पाला बदल करते हैं तो कोई नैतिकता या आदर्श उनको अपने घर में नहीं बांधे रख पाते हैं। 1960 व 1970 के दशक में राज्य विधायिकाओं में भारी पालाबदल की ऐसी ही घटनायें सामने आई थीं। इसका सबसे शानदार उदाहरण हरियाणा के एक निर्दलीय विधायक गया लाल थे जिन्होंने कुछ ही घंटों में दो बार पार्टियां बदलीं और कुछ ही दिनों में तीसरी बार पालाबदल किया। 'आया राम, गया राम' कहावत ने उन्हें अमर बना दिया है। पालाबदल की इन घटनाओं के कारण दलबदल-विरोधी कानून बनाया गया, पर विधायकों ने इसकी अनेक कमियों का लाभ उठाया। कर्नाटक में 2019 में विधायकों ने दंड से बचने के लिए पालाबदल का एकदम नया तरीका खोजा। किसी गतिविधि से अयोग्य ठहराने जाए जाने के पहले ही उन्होंने इस्तीफा दे दिया। पालाबदल से लोकतंत्र विकृत होता है। इससे निर्वाचित प्रतिनिधि जनादेश का मजाक उड़ाते हैं। यदि इस्तीफा या पुनः चुनाव पालाबदल-विरोधी कानून से बचने के लिए काफी है तो कानून में बदलाव की जरूरत है।

# भूमि संबंधी विवाद निपटाने का तरीका

## आंध्र प्रदेश सरकार ने एक नई शुरुआत की है। उसने भूमि अधिकार में स्वच्छता लाने के लिए सभी भूमि रिकार्डों के पुनः सर्वेक्षण का आदेश दिया है।



**अमर देवुलापल्ली**
(लेखक आंध्र प्रदेश सरकार के मीडिया सलाहकार हैं)



जमीन संबंधी मुकदमेबाजी देश में एक भयानक विभीषिका है। भूमि रिकार्ड आसाने सी उपलब्ध नहीं हैं या उनको अद्यतन नहीं बनाया जाता है। भूमि का पंजीकरण एक परेशान करने वाली प्रक्रिया है तथा भूमि का स्वामित्व सिद्ध करना कठिन है। आंध्र प्रदेश सरकार ने इस स्थिति से निपटने के लिए चरणबद्ध तरीके से भूमि रिकार्डों के पुनः सर्वेक्षण का फैसला किया है ताकि 2023 के अंत तक संपत्ति स्वामियों को विधिक अधिकार दिए जा सकें। पहले चरण में भूमि का सर्वेक्षण कुछ गांवों में कर नए भूमि रिकार्ड उपलब्ध कराए गए हैं। यह प्रक्रिया चरणबद्ध तरीके से पूरे राज्य में की जाएगी तथा जून, 2023 तक पूरी हो जाएगी। मुख्यमंत्री वाईएस जगनमोहन रेड्डी द्वारा शुरू की गई इस प्रक्रिया पर 1,000 करोड़ रुपये खर्च होंगे जिसमें सर्वे टीमों के साथ ही नवीनतम जियो टैगिंग व सेटेलाइट मैपिंग तकनीकों का प्रयोग हो रहा है। भूमि रिकार्ड को अंतिम रूप मिलने के बाद डिजिटल तरीके से निर्धारित भूमि माप के परिचय पत्र जारी किए जाएंगे। इस कार्ड में भूमि के नक्शे के साथ ही एक क्यूआर कोड भी होगा। भूमि विवाद का मुख्य कारण भूमि रिकार्ड हैं जो औपनिवेशिक युग के हैं और स्वामित्व की वैधता जांचने के लिए उनका कोई पुनः सर्वेक्षण नहीं हुआ। मजेदार बात है कि कुछ समय पहले किए गए एक सर्वेक्षण के अनुसार, सिविल विवादों में अदालती सुनवाई पर औसतन लगभग 497 रुपये प्रति दिन खर्च होते हैं। विश्व बैंक के एक अध्ययन से पता चलता है कि अदालतों में ये भूमि विवाद भूमि स्वामित्व रिकार्डों तथा विधिक स्वामियों से संबंधित हैं जिससे मामले निपटाने में सालों का समय लगता है। नीति आयोग के एक अध्ययन के अनुसार औसतन भूमि विवाद हल करने में 20 साल का समय लगता है। समुचित भूमि दस्तावेजों के अभाव में बेनामी लेनदेन होता है। 2012 में काले धन पर जारी श्वेत पत्र में कहा गया था कि देश में काले धन का निवेश बेनामी संपत्तियों में होता है। हालांकि, देश भर में यही स्थिति है, पर आंध्र प्रदेश में मुख्यमंत्री जगनमोहन रेड्डी भूमि रिकार्ड हमेशा के लिए ठीक करने का कदम उठाया था। उल्लेखनीय है कि भूमि रिकार्डों की यह व्यवस्था जमींदारी व्यवस्था से विरासत में मिली तथा स्वतंत्रता के बाद भूमि प्रशासन व लेनदेन को राज्यों को हस्तांतरित किया गया। देश के 6.4 लाख गांवों का सर्वेक्षण कर 19वीं शताब्दी के अंत व 20वीं शताब्दी के प्रारम्भ में उनके नक्शे बनाए गए। आंध्र प्रदेश में 1927-28 में ब्रिटिश शासन ने दो बार भूमि सर्वेक्षण कराए थे।

जगनमोहन रेड्डी द्वारा विधिक स्वामियों को स्थाई भूमि रिकार्ड देने के लिए शुरू यह योजना देश में अपने किस्म की पहली है। इसका उद्देश्य विधिक रूप से भूमि संरक्षण है। इस पहल का लक्ष्य भूमि लेनदेन को सहज व विवाद-मुक्त बनाना है जिससे भूमि स्वामियों को मिले स्थाई भूमि अधिकार की राज्य सरकार गारंटी करेगी। जगन्ना शाश्वत भूहाक्कलू-स्थाई भूमि अधिकार भू रक्षा योजना में भूमि रिकार्डों का डिजिटलीकरण किया जा रहा है जिनको पारदर्शी तरीके से रखा जाएगा। 6 नवंबर, 2017 से 9 जनवरी, 2019 तक चली 'प्रजा संकल्प यात्रा' के दौरान वाईएससीआरपी प्रमुख ने वैध भूमि स्वामियों की समस्यायें समझीं जो सालों से मुकदमेबाजी में फंसे थे। उन्होंने देखा कि लोग अपनी मेहनत का पैसा लगाने के बाद सालों से प्लाट, घर, खेत व अन्य भूमि संबंधी विवादों में फंसे थे। इस यात्रा ने 341 दिन में राज्य के 134 विधानसभा क्षेत्रों के 2,516 गांवों का हालचाल जाना तथा 3,468 किलोमीटर की पदयात्रा की। मुख्यमंत्री बनने के बाद जगनमोहन रेड्डी ने इस विवाद के समाधान को प्राथमिकता देते हुए ऐतिहासिक योजना शुरू की। इसकी शुरुआत 21 दिसंबर, 2020 को कृष्णा जिले के जगय्यापेट के निकट टेकलापडु गांव में हुई। मुख्यमंत्री द्वारा औपचारिक सर्वेक्षण प्रक्रिया शुरू करने के दस दिन पहले आंध्र प्रदेश सरकार ने भारतीय सर्वेक्षण के साथ एक एमओयू पर हस्ताक्षर कर इस सबसे बड़े भूमि सर्वेक्षण व भवन स्वामित्व सर्वेक्षण को शुरू किया। भूमि सर्वेक्षण के लिए 1,000 करोड़ का बजट रखा गया है। सरकार ने लगभग 14,000 सर्वेक्षक रखे हैं जिनको भातरीय सर्वेक्षण ने प्रशिक्षण दिया है। सर्वेक्षण में 17,000 गांवों की 1.26 करोड़ एकड़ जमीन, 13,371 गांवों में सरकार व निजी स्वामियों की 85 लाख एकड़ गैर-कृषि जमीन तथा 110 शहरी क्षेत्रों में 40 लाख सरकारी व निजी संपत्तियां तथा 10 लाख प्लाट शामिल हैं। प्रक्रिया पूरी होने के बाद सर्वेक्षण की गई जमीन के हर टुकड़े को एक यूनीक आइडेंटीफिकेशन नंबर दिया जाएगा। इस श्रमसाध्य प्रक्रिया को देखते हुए पूरा कार्यक्रम तीन चरणों में पूरा किया जाएगा। पहले चरण में लगभग 5,000 गांव, दूसरे चरण में 6,500 गांव तथा तीसरे चरण में 5,500 गांव शामिल होंगे।

राज्य सरकार ने मौके पर भूमि विवाद निपटाने के लिए मोबाइल न्यायाधिकरण भी स्थापित किए हैं। इस पहल को शुरू करते हुए मुख्यमंत्री ने टीमों को स्पष्ट कर दिया है कि 'हर नए सर्वेक्षण के साथ हर अचल संपत्ति के सटीक राजस्व रिकार्ड तैयार किए जाएंगे जिनमें ठीक-ठीक अक्षांश व देशांतर शामिल होंगे। इसके लिए ड्रोन, कांटीनुअस आपरेटिंग रिफरेंस स्टेशन-सीओआरएस व रोवर्स जैसे अद्यतन उपकरणों का प्रयोग किया जाएगा।' भूमि की पहचान निर्धारित होने के बाद सर्वे पत्थर लगाए जांएगे। सर्वेक्षण पूरा होने पर एक डिजिटल कडास्ट्रल तैयार किया जाएगा तथा गांव में जमीनों के सारे विवरण नक्शे में दिखेंगे।

इस प्रकार 18 जनवरी को मुख्यमंत्री जगनमोहन रेड्डी का एक और ड्रीम प्रोजेक्ट उस समय अस्तित्व में आ गया जब पहले चरण में गुंटूर जिले के 37 गांवों में पंजीकरण शुरू हुआ। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की कि 51 गांवों में 29,563 एकड़ का पुनः सर्वेक्षण पूरा हो गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने जोर दिया कि पुनः सर्वेक्षण से भविष्य में मुकदमेबाजी की संभावना नहीं बचेगी तथा योजना पूरी होने के बाद भूमि समझौते गांव के स्तर पर किए जा सकेंगे। मंडल मोबाइल मजिस्ट्रेट टीमों ने 51 गांवों की 3,304 आपत्तियों का निपटारा कर अधिकारियों को स्थाई भूमि अधिकार सार्टीफिकेट देने में सहायता की। कार्यक्रम के अनुसार सर्वेक्षण पूरा होने पर पंजीकरण ग्राम सचिवालय स्तर पर हो जाएंगे। पहले चरण की प्रक्रिया पूरी होने के पहले ही महाराष्ट्र सरकार ने योजना में दिलचस्पी प्रकट करते हुए 11 वरिष्ठ अधिकारियों की एक टीम भेजी है।

महाराष्ट्र सर्वे सेटलमेंट कमिश्नर निरंजन कुमार सुधांशु के नेतृत्व वाली यह टीम भूमि व सर्वेक्षण परियोजना का अध्ययन कर रही है। उन्होंने आंध्र प्रदेश सरकार के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि भूमि के पुनः सर्वेक्षण के बाद दशकों पुरानी सर्वेक्षण संबंधी समस्यायें हल हो जाएंगी। मुख्यमंत्री ने वाईएसआर जगन्ना शाश्वत भूहक्कू व भू रक्षा योजना को एक महान सुधार व क्रान्तिकारी कदम बताया है। उन्होंने कहा कि 100 साल बाद सरकार जमीनों का पुनः सर्वेक्षण करा रही है ताकि समुचित व वैज्ञानिक सर्वेक्षण के बाद विधिक स्वामियों को स्पष्ट भूमि अधिकार मिल सके।

# अंततः कांग्रेस ने नहीं नेताजी बोस ने दिलायी जीत!

**प्रफुल्ल गोराड़िया**
(लेखक राज्यसभा के पूर्व सदस्य हैं)



ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री क्लेमेंट एटली और पश्चिम बंगाल के तत्कालीन कार्यवाहक राज्यपाल न्यायमूर्ति पीबी चक्रवर्ती के बीच बातचीत हुई। 1956 में क्लेमेंट एटली भारत दौरे पर आए थे और तत्कालीन गवर्नर के अतिथि के रूप में रुके थे। याद रखें, एटली वह व्यक्ति थे, जिन्होंने ब्रिटिश प्रधानमंत्री के रूप में, भारत को स्वतंत्रता देने के निर्णय पर हस्ताक्षर किए थे।

चक्रवर्ती ने तब आरसी मजूमदार की किताब ए हिस्ट्री ऑफ बंगाल के प्रकाशक को एक पत्र लिखा था। इस पत्र में, मुख्य न्यायाधीश ने लिखा, ''जब मैं कार्यवाहक गवर्नर था, लॉर्ड एटली, जिन्होंने भारत से ब्रिटिश शासन को हटाकर हमें स्वतंत्रता दी थी, अपने भारत दौरे के दौरान गवर्नर के महल में दो दिन बिताए। उस समय, मैंने उनके साथ उन वास्तविक कारकों के बारे में लंबी चर्चा की, जिन्होंने अंग्रेजों को भारत छोड़ने के लिए प्रेरित किया था।'' चक्रवर्ती कहते हैं, ''एटली से मेरा सीधा सवाल यह था कि चूंकि गांधी का भारत छोड़ो आंदोलन कुछ समय पहले बंद हो गया था और 1947 में ऐसी कोई नई मजबूर स्थिति पैदा नहीं हुई थी, जिसके लिए जल्दबाजी में ब्रिटिश प्रस्थान की आवश्यकता होगी, उन्हें क्यों छोड़ना पड़ा? ..'' एटली ने कई कारणों का हवाला दिया, उनमें से प्रमुख नेताजी की सैन्य गतिविधियों के परिणामस्वरूप भारतीय सेना और नौसेना कर्मियों के बीच ब्रिटिश ताज के प्रति वफादारी का क्षरण था। वह सब कुछ नहीं हैं। चक्रवर्ती कहते हैं, हमारी चर्चा के अंत में, मैंने एटली से पूछा कि भारत छोड़ने के ब्रिटिश फैसले पर गांधी के प्रभाव का क्या प्रभाव था। इस सवाल को सुनकर, एटली के होंठ एक व्यंग्यात्मक मुस्कान में मुड़ गए क्योंकि उन्होंने धीरे-धीरे इस शब्द को चबाया - मि..नी..मा..ला।

यह चौंकाने वाली बातचीत पहली बार 1982 में लेखक रंजन बोरा द्वारा ऐतिहासिक समीक्षा संस्थान द्वारा प्रकाशित की गई थी, नेताजी, भारतीय राष्ट्रीय सेना और भारत की मुक्ति के युद्ध पर उनके लेख में। एटली के दावे के महत्व को समझने के लिए हमें 1945 के समय में वापस जाना होगा। द्वितीय विश्व युद्ध समाप्त हो चुका था। ब्रिटेन और अमेरिका के नेतृत्व में मित्र देशों की शक्तियों ने जीत हासिल की थी। हिटलर के जर्मनी के नेतृत्व वाली धुरी शक्तियों को परास्त कर दिया गया था। विजेता पराजित सेनाओं पर न्याय थोपना चाहते थे।



भारत में, नेताजी बोस के आईएनए के अधिकारियों पर राजद्रोह, यातना और हत्या का मुकदमा चलाया गया। कोर्ट मार्शल की इस श्रृंखला को लाल किला परीक्षण के रूप में जाना जाने लगा।

ब्रिटिश सशस्त्र बलों में सेवारत भारतीय लाल किले के परीक्षणों से भड़क गए थे। फरवरी 1946 में, 78 जहाजों पर सेवारत रॉयल इंडियन नेवी के लगभग 20,000 नाविकों ने साम्राज्य के खिलाफ विद्रोह कर दिया। वे नेताजी के चित्रों के साथ मुंबई और कराची में घूमे और अंग्रेजों को %जय हिंद% और अन्य आईएनए नारे लगाने के लिए मजबूर किया। विद्रोहियों ने यूनियन जैक को अपने जहाजों पर उतारा और अपने ब्रिटिश आकाओं की बात मानने से इनकार कर दिया। इस विद्रोह के बाद रॉयल इंडियन एयर फ़ोर्स और जबलपुर में ब्रिटिश इंडियन आर्मी यूनिट्स में भी इसी तरह के विद्रोह हुए। अंग्रेज डरे हुए थे। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद, 25 लाख भारतीय सैनिकों को ब्रिटिश सेना से हटा दिया जा रहा था।

1946 में सैन्य खुफिया रिपोर्टों ने संकेत दिया कि भारतीय सैनिकों में आग लग गई थी और उनके ब्रिटिश अधिकारियों की बात मानने पर भरोसा नहीं किया जा सकता था। उस समय भारत में केवल 40,000 ब्रिटिश सैनिक थे। अधिकांश घर जाने के लिए उत्सुक थे और 25 लाख युद्ध-कठोर भारतीय सैनिकों से लड़ने के मूड में नहीं थे, जिन्हें ध्वस्त किया जा रहा था। इन्हीं परिस्थितियों में अंग्रेजों ने भारत को स्वतंत्रता प्रदान करने का निर्णय लिया।

विचार किसी भी तरह से महात्मा गांधी या पंडित नेहरू के महत्वपूर्ण योगदान को स्वतंत्रता के मूल्य के प्रति जागरूक करने के लिए नहीं बल्कि नेताजी सुभाष के वास्तविक योगदान और उनके और आईएनए द्वारा निभाई गई भूमिका के बारे में एक बहस छेड़ने के लिए है। अहिंसक आंदोलन द्वारा निभाई गई भूमिका में स्कूली पाठ्यपुस्तकों का बोलबाला है, जबकि आईएनए की भूमिका कुछ सरसरी अनुच्छेदों में खारिज कर दी गई है। समय आ गया है कि हम आधुनिक भारतीय इतिहास पर दोबारा गौर करें और भारत को आजादी दिलाने में नेताजी के अपार योगदान को स्वीकार करें।

1938 में बोस कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में इतने लोकप्रिय थे कि सदस्यों ने उन्हें 1939 में फिर से चुनाव लड़ा। गांधीजी ने फिर से चुनाव को मंजूरी नहीं दी और समय के साथ युवा नेता को पार्टी से बाहर कर दिया। 1940 में, नेताजी को कलकत्ता में नजरबंद कर दिया गया, जहाँ से उन्होंने जर्मनी में शामिल होने के लिए फरार होने का फैसला किया, जो ब्रिटेन के खिलाफ द्वितीय विश्व युद्ध लड़ रहा था। रास्ते में कई वीज़ा की आवश्यकता के साथ भूमि मार्ग कठिन था। एक कठिन संघर्ष के बाद, कलकत्ता छोड़ने के तीन महीने बाद, अप्रैल 1941 में नेताजी बर्लिन पहुँचे।

जापान द्वारा अमेरिका और ब्रिटेन पर युद्ध की घोषणा के बाद, हिटलर ने सुझाव दिया कि नेताजी अंग्रेजों के खिलाफ अधिक उपयोगी हो सकते हैं। इसलिए वह पनडुब्बी से आधी दुनिया में आगे बढ़ने के लिए तैयार हो गया। देशभक्त रास बिहारी घोष द्वारा स्थापित एक प्रारंभिक आईएनए को संभालने के लिए जल्द ही वह 1943 के मध्य तक टोक्यो के रास्ते सिंगापुर पहुंचे। 10,000 से भी कम की भीड़ से, नेताजी ने कुछ ही हफ्तों में ब्रिटिश भारतीय युद्धबंदियों को राजी करके 50,000 सैनिकों की अनुशासित सेना में सेना का निर्माण किया, जो युद्ध के अंत तक लड़ी।

दु:ख की बात है कि इसने एक आकस्मिक हवाई दुर्घटना में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जान ले ली। भारत की देशभक्ति का सबसे चमकीला दीप बुझ गया।

## आप की बात

### लोगों की पसंद पर ध्यान दें

**महात्मा** गांधी के पसंदीदा भजन 'अबाइड विद मी' को इस साल के गणतंत्र दिवस के समापन समारोह से हटा दिया गया है। भारतीय सेना की कार्यक्रम पत्रिका के अनुसार इसके बजाय 'सारे जहां से अच्छा' यह धुन बजायी जाएगी। क्या इसका मतलब यह है कि उस समारोह में अभी तक 'सारे जहां से अच्छा' यह धुन नहीं बजायी गई? समापन समारोह में कितनी और कौन सी धुन बजाई जाती है, बहुतों को पता नहीं। कई भारतीय कवियों ने देश के सुंदर वर्णन के साथ कविताएँ लिखी हैं। उनकी एक कविता 'अबाइड विद मी' की जगह 1950 से शामिल की जा सकती थी। जो व्यक्ति इस मिट्टी से जुड़ा है, वह कविता के माध्यम से भारत का सबसे अच्छा वर्णन कर सकता है। 'सारे जहां से अच्छा' की धुन सुनते ही अंग रोमांचित हो जाता हैं। यह धुन आसानी से समझ में आती है। 'अबाइड विद मी' को बजाए जाने पर भी देश के लोगों को उसे समझना आसान नहीं है। ऐसे में उसका अर्थ समझना तो दूर की बात है। एक भारतीय व्यक्ति द्वारा लिखी गई कविताएँ जिन्हें आसानी से समझा जा सकता है, उन्हें धुन के रूप में शामिल किया जाना चाहिए। यह एक सर्वविदित तथ्य है कि गांधीजी के विचारों के बारे में देश में अलग-अलग मत हैं।

- **जयेश राणे**, मुंबई

### जवानों की मस्ती का विरोध क्यों?

**इंडियन** नेवी के जवानों की गणतंत्र दिवस परेड की रिहर्सल का एक विडियो बहुत लोकप्रिय हो रहा है। जिसमें जवान लंबी और उबाऊ रिहर्सल के बाद एक पुराने जमाने की एक बहुत लोकप्रिय फिल्म के गाने की धुन पर नियंत्रित और संयमित रूप से थिरकते दिख रहे हैं। इस वीडियो में नौसेना की मर्यादा और जवानों की गरिमा का भरपूर ध्यान रखा गया है। देखने पर यह वीडियो कहीं से भी मन को व्यथित नहीं करता। इसके उलट जवानों के हल्के -फुल्के मनोरंजक क्षणों को दर्शाता यह वीडियो मन को प्रफुल्लित करता है। साथ ही यह नौ-सेना बैंड की रचनात्मकता को दर्शाते हुए यह जनता को मेहनत को देखने आने को प्रोत्साहित भी करता है। लंबे समय से कोरोना महामारी की वेदना और उबाऊ अंतराल के बाद और एक अदृश्य भय से ध्यान हटाने के उद्देश्य से बनाया गया यह वीडियो सराहनीय कदम है। लेकिन लगता है विपक्ष को जवानों की यह प्रसन्नचित मस्ती रास नहीं आ रही। वे जवानों को एक पत्थर की मूर्ति और उबाऊ रूप में ही देखना पसंद करते हैं। शायद वे नहीं चाहते कि अपना कोई जवान हल्के क्षणों में भी आनंदित हो! जवान कोई रोबोट नहीं हैं।

- **युवराज पल्लव**, हापुड़


### तालिबानियों की गुहार

**अफ़गानिस्तान** के तालिबानी कार्यवाहक विदेश मंत्री अमीर खान मुत्ताकी के नेतृत्व में तालिबान के एक प्रतिनिधिमंडल ने पश्चिमी सरकार के अधिकारियों और अफगान नागरिक समाज के प्रतिनिधियों के साथ, ओस्लो में तीन दिवसीय वार्ता शुरू की है। बंद कमरे में तालिबान के प्रतिनिधि एक प्रकार के भिखारी के समकक्ष नज़र आ रहे हैं। उन लोगों ने विदेशी बैंकों में जो पैसा जब्त किया गया है उसे वापस करने तथा विदेशी सहायता को फ़ौरन शुरू करने की मांग कर रहे हैं। पश्चिमी वार्ताकार इन मांगो के बदले वहां मानवाधिकारों की बहाली खासकर महिलाओं को उनके अधिकार वापस किये जाने की मांग रख रहे हैं। मगर ध्यान देने की बात ये है की इस समय वह देश दुनिया का सबसे बड़े त्रासदी के दहलीज़ पर खड़ा है। भुखमरी, बीमारी, बेरोजगारी का दुनिया का सबसे बड़ा संकट से गुजर रहा है। ऐसे में तालिबान नहीं, दुनिया को आम अफ़ग़ानियों का ख्याल करना होगा। वहां की जनता ने कोई गलती नहीं की है, इसलिए उन्हें सजा नहीं मिलना चाहिए।

- **जंग बहादुर सिंह**, जमशेदपुर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**एक** समय की बात है, वे दोस्त थे। भाजपा के साथ गठबंधन में हमारे 25 साल बर्बाद हो गए।

- **उद्धव ठाकरे**
महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री



**यह** विचार कि रूस यूक्रेन पर आक्रमण करना चाहता है, बकवास है... पुतिन सम्मान के पात्र हैं।

- **के अचिन स्कूमबैच**
जर्मन नौसेना प्रमुख



**मुझे** 2021 के लिए असम बैभव पुरस्कार प्रदान करने के असम सरकार के फैसले से मैं बहुत प्रभावित हूं।

- **रतन टाटा**
उद्योगपति

## कृषि विपणन विभाग की समीक्षा बैठक

# किसानों को जागरूक कर मंडियों में ई-पेमेंट को बढ़ावा दें : मुख्यमंत्री

**पायनियर समाचार सेवा।** राजस्थान

**मुख्यमंत्री** अशोक गहलोत ने कहा कि कृषि उपज की कीमतों को ज्यादा प्रतियोगी बनाने के लिए मंडियों में ऑनलाइन व्यापार को बढ़ावा दें और ई-पेमेंट को प्रोत्साहित करें। उन्होंने कहा कि किसानों को ई-पेमेंट के फायदों की जानकारी होगी, तो वे स्वयं आगे बढ़कर इसे अपनाएंगे। उन्होंने इसके लिए किसानों को जागरूक करने की आवश्यकता पर जोर दिया। गहलोत सोमवार को मुख्यमंत्री निवास से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से कृषि विपणन विभाग की बजट घोषणाओं एवं विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषि उत्पादों का मूल्य संवर्धन करने एवं किसानों को उपज की उचित कीमत दिलाने के लिए आधारभूत संरचना का विकास जरूरी है। उन्होंने कहा कि इसके लिए काश्तकारों को ई-पेमेंट वाली सफलतम मंडियों की विजिट कर११ाई जाए। साथ ही, कृषि विपणन विभाग पायलट प्रोजेक्ट के तहत मंडियों का चयन कर किसानों को जागरूक करे और मंडी विशेष को शत-प्रतिशत

**ई-पेमेंट आधारित बनाने के लिए अभियान चलाएं।**



**स्वतंत्र मंडियों के गठन की प्रक्रिया में तेजी लाएं**

गहलोत ने कहा कि केन्द्र सरकार के कृषि कानूनों को वापस लेने के बाद अब नई स्वतंत्र मंडियों के गठन की प्रक्रिया को चरणबद्ध रूप से तेजी से आगे बढ़ाया जाए। उन्होंने कहा कि मंडी शुल्क एवं अन्य दरों में किसी प्रकार के संशोधन के सम्बन्ध में निर्णय लेने से पहले हितबद्ध समूहों से विस्तृत चर्चा की जाए।

**प्रसंस्करण इकाइयां लगाने के लिए आसानी से मिले लोन**

मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषि प्रसंस्करण, कृषि व्यवसाय एवं कृषि निर्यात प्रोत्साहन नीति-2019 काश्तकारों के खेत में ही कृषि उत्पादों का प्रसंस्करण कर मूल्य संवर्धन के माध्यम से उनकी आय बढ़ाने के लिए शुरू की गई थी। इस नीति के उद्देश्य को पूरा करने के लिए किसानों को प्रसंस्करण इकाइयां लगाने के लिए बैंकों से आसानी से लोन दिलवाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने हर जिले में एक-एक नोडल अधिकारी की नियुक्ति करने को कहा। यह नोडल अधिकारी किसानों को तकनीकी और वित्तीय सहायता दिलवाने में मदद करेंगे। कृषि मंत्री लालचन्द कटारिया ने कहा कि मंडियों में ऑनलाइन व्यापार एवं ई-पेमेंट को बढ़ावा देने के लिए किसानों को कार्यशालाओं के माध्यम से एवं इस मॉडल की सफल मंडियों का भ्रमण कराकर जागरूक करना चाहिए। उन्होंने फल-सब्जी मंडियों में आने वाले काश्तकारों के लिए भोजन व्यवस्था की आवश्यकता जताई। सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना ने कहा कि किसानों की आय बढ़ाकर उन्हें आर्थिक आत्मनिर्भर बनाने के लिए लगातार नवाचार करने चाहिए। कृषि विपणन राज्य मंत्री मुरारीलाल मीणा ने कहा कि किसानों को उपज का उचित मूल्य दिलाने के लिए विभाग द्वारा ऑनलाइन व्यापार एवं कृषि प्रसंस्करण को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसके लिए किसानों को जागरूक करना आवश्यक है। कृषि विपणन विभाग के प्रमुख शासन सचिव दिनेश कुमार ने विभागीय प्रगति का प्रस्तुतीकरण दिया। उन्होंने बताया कि राज्य की 145 कृषि उपज मंडियों में से 144 को ई-नाम से जोड़ दिया गया है।

## गणतंत्र दिवस को लेकर राजधानी हाई अलर्ट

# रेलवे स्टेशन और जयपुर एयरपोर्ट पर बढ़ाई सुरक्षा व्यवस्था

**पायनियर समाचार सेवा।** राजस्थान



गणतंत्र दिवस को लेकर किसी भी घटनाओं की आशंकाओं के चलते राजधानी जयपुर को भी हाई अलर्ट कर दिया है। जिसके चलते रेलवे सुरक्षा एजेंसी हाई अलर्ट मोड पर आ गई है और लगातार जयपुर रेलवे जंक्शन सहयोग गांधी नगर, दुर्गापुरा सहित अन्य रेलवे स्टेशनों पर रेलवे सुरक्षा बल की ओर से चौकसी बढ़ा दी गई है। इसके अलावा जयपुर एयरपोर्ट पर भी सीआईएसएफ की ओर से सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद किया गया है। सभी रेलवे स्टेशनों पर हाई अलर्ट जारी: उत्तर पश्चिम रेलवे के सभी रेलवे स्टेशनों पर हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। जिससे स्टेशन पर आने जाने वाले यात्रियों के हर सामान की गहनता से जांच पड़ताल की जा रही है।

इसके अलावा रेलवे स्टेशनों पर सीसीटीवी कैमरे पर भी पैनी नजर बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। साथ ही जयपुर के सभी रेलवे स्टेशनों पर जीआरपी और आरपीएफ सुरक्षा एजेंसी की ओर से डॉग स्क्वायड की ओर से जांच पड़ताल की जा रही है। आरपीएफ निरीक्षक नरेश यादव ने बताया कि गणतंत्र दिवस को देखते हुए रेलवे सुरक्षा बल की ओर से जयपुर जंक्शन पर पुलिस के जवान 24 घंटे तैनात हैं और इसके साथ ही डॉग स्क्वायड और बम विस्फोट टीम लगातार मॉनिटरिंग किया जा रहा है। लगातार जयपुर जंक्शन पर डॉग स्क्वायड की ओर से मॉनिटरिंग की जा रही है और एंट्री और एग्जिट गेट पर भी लगातार यात्रियों से पूछताछ भी की जा रही है। इसके साथ ही सीसीटीवी कैमरे की मदद से लगातार यात्रियों की मॉनिटरिंग जयपुर जंक्शन पर की जा रही है। वहीं दूसरी ओर यदि किसी यात्री पर शक होता है, या संदिग्ध पाया जाता है, तो उसे उसी समय बुलाकर उससे पूछताछ की जा रही है। उसका टिकट भी देखा जा रहा है। वहीं विशेष कर उन ट्रेनों की खास निगरानी की जा रही है जो सेंसिटिव इलाकों से आती है और साथ ही रेलवे स्टेशन पर ज्यादा भीड़ भाड़ वाली जगह बुकिंग काउंटर, रिजर्वेशन और ज्यादा यात्रियों से भरी ट्रेनों में सादा वस्त्रों में और हथियारबंद बंद जीआरपी और आरपीएफ के जवानों को तैनात किया गया है। इसके साथ ही किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए हथियारों से लेस जवानों की टीम भी स्टेशन पर तैनात की गई है। सभी एंट्री पॉइंट्स पर स्कैनर से यात्रियों का सामान चेक किया जा रहा है। जयपुर एयरपोर्ट पर हाई अलर्ट जारी: इधर गणतंत्र दिवस के मद्देनजर एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने जयपुर सहित सभी एयरपोर्ट पर हाई अलर्ट जारी किया है। जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर 31 जनवरी तक सघन सुरक्षा जांच की जा रही है। सीआईएसएफ के मुताबिक एयरपोर्ट के मुख्य गेट पर वाहन, व्यक्ति व यात्री के सामान की जांच के लिए सीआईएसएफ की विशेष टुकड़ी और डॉग स्क्वॉड तैनात किए हैं।

# मताधिकार में विवेक और दायित्व भावना जरूरी: राज्यपाल

## 12वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस ऑनलाइन आयोजित

## मतदाता पंजीकरण की नई व्यवस्था का व्यापक प्रचार प्रसार करें

**पायनियर समाचार सेवा।** राजस्थान

राज्यपाल कलराज मिश्र ने प्रत्येक नागरिक का आह्वान किया है कि मजबूत लोकतंत्र के लिए उन्हें अपने मत का प्रयोग पूरे विवेक और दायित्व भावना के साथ करना चाहिए। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में एक मत योग्य जनप्रतिनिधि चुन सकता है, वहीं बिना सोच-समझ कर प्रयोग किया गया मत अयोग्य का भी चयन कर सकता है। मिश्र 12वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के राज्यस्तरीय समारोह में मंगलवार को यहां राजभवन से ऑनलाइन सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि एक-एक मतदाता को जोड़ने की अवधारणा के तहत राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन भारत निर्वाचन आयोग की महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि मतदान के जरिए ऐसे जनप्रतिनिधियों को चुना जाना चाहिए जो देश को विकास और प्रगति के पथ पर आगे ले जा सकें। राज्यपाल मिश्र ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि इस वर्ष मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण में जोड़े गए 20 लाख से अधिक नव मतदाताओं में से 95 प्रतिशत से अधिक ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से जोड़े गए हैं। राज्यपाल ने कहा कि वर्ष में चार बार मतदाता पंजीकरण की नई व्यवस्था का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए ताकि युवा 18 वर्ष की आयु प्राप्त करते ही अपना पंजीयन करा सकें। कार्यक्रम में भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त सुशील चन्द्रा का राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर देश की जनता के नाम संदेश का वीडियो प्रसारण किया गया। उन्होंने कहा कि लोक प्रतिनिधित्व कानून में महत्वपूर्ण संशोधन के बाद अब 18 वर्ष पूर्ण करने वाले युवाओं के नाम निर्वाचक नामावली में जोड़ने के प्रक्रिया वर्ष में चार बार करवाई जा सकेगी। अब प्रति वर्ष एक जनवरी, एक अप्रेल, एक जुलाई और एक अक्टूबर को 18 वर्ष पूर्ण करने वाले युवाओं के नाम निर्वाचक नामावली में जुड़वाए जा सकेंगे। उन्होंने कहा कि मतदाता पहचान पत्र को आधार संख्या से जोड़ने की पहल मतदाता सूची से दोहराव हटाने में महत्वपूर्ण साबित होगी। राज्य निर्वाचन आयुक्त प्रेम सिंह मेहरा ने कहा



कि निर्वाचन प्रक्रिया को सुगम, समावेशी, सहभागी और वोटर फ्रेंडली बनाने के लिए देश-प्रदेश में निरंतर प्रयास किए जाते रहे हैं। उन्होंने कहा कि रजिस्ट्रीकरण प्रक्रिया में मानवीय हस्तक्षेप को कम करने के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया की शुरुआत इसे समावेशी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि वर्ष 1951-52 में देश में लोकसभा चुनाव में कुल मतदाता 17 करोड़ 32 लाख थे, जो वर्ष 2019 में बढ़कर 91 करोड़ 20 लाख से अधिक हो गए। उन्होंने कहा कि पहले लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत 44.8 प्रतिशत था, जो वर्ष 2019 लोकसभा चुनाव में 67 प्रतिशत पर पहुंच गया। मुख्य सचिव निरंजन आर्य ने कहा कि आमजन को स्वयं को शासित करने के निर्वाचन का अधिकार लोकतंत्र का सबसे बड़ा उपहार है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया में हर नागरिक को जोड़ा जा सके और हर मदताता की सहभागिता सुनिश्चित की जा सके, इस दृष्टि से मतदाता जागरुकता के लिए प्रशासन के स्तर पर भी व्यापक प्रयास किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान जैसे विषम भौगोलिक परिस्थिति वाले राज्य में चुनाव प्रक्रिया को समावेशी, सहभागी एवं सुगम बनाने की जिम्मेदारी का सभी को पूरी तत्परता से निर्वहन करना चाहिए। उन्होंने स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान की गरिमा को बनाए रखने का प्रण लेने का भी सभी से आह्वान किया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस दिवस को मनाने का उद्देश्य नए मतदाताओं को प्रोत्साहित करना, उनका अधिकाधिक नामांकन करना और उन्हें जागरुक बनाना है। इस वर्ष राष्ट्रीय मतदाता दिवस की थीम 'चुनावों को समावेशी, सुगम एवं सहभागी बनाना' रखी गई है। उन्होंने कहा कि निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण अभियान में ऑनलाइन आवेदन लेने में राजस्थान अग्रणी रहा है। पुनरीक्षण अभियान में प्रदेश में 29 लाख से अधिक ऑनलाइन आवेदन मिले, जो देश में सर्वाधिक है। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन व 80 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं के लिए होम वोटिंग का प्रावधान किए जान से दिव्यांग मतदाताओं के वोटिंग प्रतिशत में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है।

निर्वाचन विभाग की स्टेट आइकन शताब्दी अवस्थी ने कहा कि एक-एक मत से देश का भविष्य निर्धारित होता है। इसलिए नव मतदाता मतदान दिवस को अवकाश के रूप में नहीं लेकर जब भी मतदान होता है तब जिम्मेदार नागरिक के रूप में अनिवार्य रूप से मतदान करना सुनिश्चित करें।

### तीस हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार

राजस्थान निसं। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी)की जालौर टीम ने मंगलवार को पाली में कार्रवाई करते हुए पटवारी हल्का-पाली-द्वितीय जिला पाली और उसका दलाल तीस हजार की रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो महानिदेशक भगवान लाल सोनी ने बताया कि एसीबी की जालौर टीम को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई थी कि एसडीएम कोर्ट के फैसले की पालना में रिकार्ड दुरुस्तीकरण करने की एवज में पटवारी कमल किशोर अपने दलाल चिकू राम सांसी के माध्यम से तीस हजार रुपये की रिश्वत राशि मांग रहा है। एसीबी जालौर टीम अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महावीर सिंह राणावत ने शिकायत का सत्यापन कर ट्रेप की कार्रवाई करते हुए पटवारी कमल किशोर और दलाल चिकू राम सांसी को तीस हजार रुपये की रिश्वत राशि लेते गिरफ्तार किया है।

### अवैध हथियार सहित आदतन अपराधी गिरफ्तार

**राजस्थान निसं।** जयपुर कमिश्नरेट की ओर से शुरू हुए ऑपरेशन एक्शन अगेंस्ट गन'(आग) तहत सोडाला थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अवैध हथियार सहित आदतन अपराधी को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से पुलिस ने एक देशी कट्टा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है।

राजस्थान की खबरों एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें
भवानी शंकर शर्मा
पिन कोड 302018
मोबाइल नंबर-7878877419

# जैसलमेर-फलोदी रेल मार्ग पर मालगाड़ी पटरी से उतरी



**पायनियर समाचार सेवा।** राजस्थान

जैसलमेर में मालगाड़ी के 15 से ज्यादा डिब्बे पटरी से उतर गए। मंगलवार सुबह हुए इस हादसे के बाद रेल सेवा प्रभावित है। ये मालगाड़ी पत्थरों से भरी हुई थी। रेलवे के अनुसार, 卐जोधपुर मंडल के जैसलमेर-फलोदी रेल मार्ग के थयात हमीरा-जेठा चान्दन रेलखंड पर मालगाड़ी के पटरी से उतरने से यातायात प्रभावित हुआ। फिलहाल इस रूट पर चलने वाली कुछ गाड़ियों का मार्ग बदलाव किया गया है और कई गाड़ियों को रद्द किया किया है। जैसलमेर के सोनू रेलवे स्टेशन से लाइम स्टोन भरवाकर रवाना हुई मालगाड़ी के 15 डिब्बे थैयात हमीरा और जेठा चांधन रेलवे स्टेशन के बीच पटरी से नीचे उतर गए। इस दुर्घटना के दौरान डिब्बों में भरा लाइमस्टोन बिखर गया और पटरियां भी क्षतिग्रस्त हो गईं हैं। इस हादसे की जानकारी मिलते ही रेलवे जोधपुर मंडल ने क्यूआरटी रवाना कर दी है। कई आला अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं।जिन रेलगाड़ी के मार्ग में बदलाव किया गया है और रद्द की गईं हैं उनमें -गाड़ी संख्या 14703, जैसलमेर लालगढ़ रेलसेवा रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 14704, लालगढ़- जैसलमेर रेलसेवा फलोदी तक संचालित होगी। गाड़ी संख्या 14810, जोधपुर-जैसलमेर रेलसेवा फलोदी तक संचालित होगी। इसके साथ ही गाड़ी संख्या 04826, जोधपुर-जैसलमेर स्पेशल रेलसेवा फलोदी तक संचालित होगी।

वहीं कोहरे के चलते 7 गाड़ियां देरी चल रही हैं। भागलपुर-आनंद विहार एक्सप्रेस साढ़े 4 घंटे लेट चल रही है। हावड़ा- नई दिल्ली पूर्वा एक्सप्रेस 5 घंटे लेट चल रही है। प्रतापगढ़-दिल्ली-पद्मावत एक घंटे लेट है, लखनऊ- नई दिल्ली एक्सप्रेस एक घंटे देरी से चल रही है। हैदराबाद-नई दिल्ली एक्सप्रेस डेढ़ घंटे और कानपुर-नई दिल्ली श्रमजीवी 45 मिनट लेट रहीं।

# राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड ने जारी किया भर्तियों का कैलेंडर

**राजस्थान।** राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड ने सोमवार को इस वर्ष की भर्तियों का कैलेंडर जारी किया है। इस वर्ष अप्रैल से दिसंबर तक 11 भर्ती परीक्षाएं आयोजित की जाएगी। कर्मचारी चयन बोर्ड के सचिव पुष्कर राज शर्मा ने बताया कि सहायक जनसंपर्क अधिकारी भर्ती परीक्षा 24 अप्रैल को प्रस्तावित है। इसके अलावा कनिष्ठ अभियंता भर्ती परीक्षा 7, 8 और 9 मई को होगी।

ग्राम विकास अधिकारी भर्ती की मुख्य परीक्षा मई में होगी, जबकि बेसिक कंप्यूटर अनुदेशक और वरिष्ठ कंप्यूटर अनुदेशक भर्ती की परीक्षा मई और जून में करवाने का फैसला लिया गया है। उन्होंने बताया कि प्रयोगशाला सहायक भर्ती की परीक्षा 4 जून को, कनिष्ठ अभियंता (कृषि अभियांत्रिकी) भर्ती परीक्षा 18-19 जून को, पशुधन सहायक भर्ती परीक्षा जुलाई में, तहसील राजस्व लेखाकार एवं कनिष्ठ लेखाकार भर्ती परीक्षा सितंबर में करवाई जाएगी।

# डिसऑनेस्ट उपभोक्ताओं के प्रति रियायत नही बरतें अभियन्ता: अध्यक्ष डिस्कॉम



**पायनियर समाचार सेवा।** राजस्थान

अध्यक्ष, डिस्कॉम एवं राज्य विद्युत प्रसारण निगम के अध्यक्ष भास्कर ए. सावंत ने कहा कि डिसऑनेस्ट उपभोक्ताओं के प्रति किसी भी प्रकार की रियायत नही बरती जाए। उन्होंने कहा कि उपभोक्ता अथवा गैर उपभोक्ता जो बिजली चोरी या विद्युत तंत्र को नुकसान पहुंचाने में लिप्त पाया जाए, उनके खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित किया जाए। डिस्कॉम्स अध्यक्ष भास्कर ए. सावंत ने सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के माध्यम से तीनों विद्युत वितरण निगमों के कार्यो एवं योजनाओं की दिसम्बर माह तक हुई प्रगति की सर्किलवार समीक्षा की। डिस्कॉमवार विभिन्न सर्किलो के टीएण्डडी व एटीएण्डसी लॉस की समीक्षा करते हुए सभी सर्किल इंचार्ज को निर्देश दिए कि वे इसका सब-डिविजन के अनुसार विश्लेषण करते हुए यह देखे की किस सब-डिविजन में गत वर्ष की तुलना में इस वित्तीय वर्ष में लॉस बढ़े हैं, ऐसे सब-डिविजनों में लॉस कम करने के प्रभावी प्रयास किए जाएं।

सावंत ने निर्देश दिए कि कृषि कनेक्शन के सभी डिफेक्टिव मीटर्स को बदलने का कार्य आगामी दो माह में पूर्ण कर लिया जाए। इसके साथ ही राजस्थान विद्युत विनियामक आयोग द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार योजना बनाकर फ्लैट रेट कनज्यूमर्स को मीटर्ड श्रेणी में बदलने का कार्य भी प्राथमिकता से किया जाए। नए कनेक्शन के उपभोक्ताओं को प्रथम बिजली बिल जारी करने के कार्य को गम्भीरता से लें और समय पर बिल जारी किया जाना सुनिश्चित किया जाए। राजकीय विभागों के बिजली बिलों की बकाया राशि को वसूलने के लिए सभी सर्किल इंचार्ज बकाया राशि वाले विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर गैर-विवादित बिजली बिलों की बकाया राशि को वसूल करने का प्रभावी प्रयास करें। बैठक में लंबित वीसीआर का अन्तिम निस्तारण, कुसुम कम्पोनेन्ट-सी योजना के तहत पम्प सोलराइजेशन व फीडर लेवल सौलराइजेशन और स्मार्ट मीटर लगाने के कार्य की प्रगति की समीक्षा भी की गई। डिस्कॉम्स वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग में जयपुर डिस्कॉम के प्रबंध निदेशक नवीन अरोड़ा, अजमेर डिस्कॉम के प्रबंध निदेशक वी.एस.भाटी, जोधपुर डिस्कॉम के प्रबंध निदेशक अविनाश सिंघवी सहित तीनों डिस्कॉम के निदेशक तकनीकी व वित, संभागीय मुख्य अभियन्ता, अधीक्षण अभियन्ता उपस्थित रहे।

### हैरिटेज मुख्यालय पर महापौर फहरायेंगी राष्ट्रीय ध्वज



**राजस्थान निसं।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर बुधवार को नगर निगम जयपुर हैरिटेज मुख्यालय पर महापौर मुनेश गुजर प्रात: 9 बजे राष्ट्रीय ध्वज फहरायेगी। इस अवसर पर आयुक्त, उपायुक्त व अन्य शाखाओं के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहेगें।

**रोशनी से सजाया गया हैरिटेज मुख्यालय**

गणतंत्र दिवसर के अवसर पर नगर निगम जयपुर हैरिटेज मुख्यालय को सतरंगी रोशनी से सजाया गया है। इसी प्रकार शहर के बड़ी चौपड़, छोटी चौपड़ व अन्य पर्यटक स्थल को रोशनी से सजाया गया है।

# एक कला के रूप में विषय पर संवाद श्रृंखला का आयोजन 27 जनवरी को

**पायनियर समाचार सेवा।** राजस्थान

जवाहर कला केंद्र (जेकेके) द्वारा आज़ादी का अमृत महोत्सव के तहत फोटोग्राफी- एक कला के रूप में% विषय पर संवाद श्रृंखला का आयोजन गुरुवार, 27 जनवरी को शाम 5 बजे से किया जाएगा। इस वार्ता में प्रसिद्ध फोटोग्राफर, शिरेश कराले और हिमांशु व्यास शामिल होंगे। हिमांशु व्यास हरिदेव जोशी स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन में फोटो जर्नलिज्म के एडजंक्ट प्रोफेसर हैं और लंदन से प्रकाशित आर्ट एंड सोल की मेग्जीन मोंक के लेखक हैं। देश की सबसे प्रतिष्ठित फोटो जर्नलिज्म प्रतियोगिता में उन्हें दो बार रामनाथ गोयनका प्रेस फोटो अवार्ड प्राप्त हुआ है। इसके साथ ही उन्होंने राष्ट्रीय संस्थानों में फोटोग्राफी सिखाई है और दक्षिण ऑस्ट्रेलिया विश्वविद्यालय में एक कार्यशाला आयोजित की है।दशकों से, कैमरे के प्रति अपने विचारशील और कम्पेशनेट एप्रोच के साथ, उन्होंने फोटोग्राफी के क्षेत्र में अद्भुत आयाम स्थापित किया है, जो उनके काम में, और उनके द्वारा आयोजित कार्यशालाओं में स्पष्ट दिखाई देती है।




शिरेश कराले मुंबई के एक विज्ञापन फोटोग्राफर और एक सेलिब्रिटी पोर्ट्रेटिस्ट हैं। उन्हें ब्लैक एंड व्हाइट, ज्वैलरी, टेबल टॉप, फैशन, ज्वैलरी, फूड और इंटीरियर फोटोग्राफी के लिए जाना जाता है।



# गणतंत्र दिवस पर 82 और गांवों को 'म्हारा गांव-जगमग गांव' का तोहफा

## प्रदेश के 5569 गांवों में होगी 24 घंटे बिजली आपूर्ति

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़



**हरियाणा** के बिजली मंत्री रणजीत सिंह ने कहा है कि 'म्हारा गांव जगमग गांव' योजना के प्रति ग्रामीण उपभोक्ताओं का रुझान निरंतर बढ़ता जा रहा है। बिजली निगमों ने 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर 82 और गांव को 'म्हारा गांव-जगमग गांव' योजना में शामिल कर गणतंत्र दिवस का तोहफा दिया है और इसके साथ ही हरियाणा के 5569 गांवों में 24 घंटे बिजली आपूर्ति सुनिश्चित हो जाएगी।

बिजली मंत्री ने कहा कि यह हरियाणा के लिए गर्व का विषय है कि बिजली निगमों की कार्यप्रणाली की सराहना केंद्रीय वित्त मंत्री ने भी की है। यह हरियाणा के इतिहास में शायद पहला अवसर है जब बिजली निगमों की चारों वितरण कंपनियां मुनाफे में पहुंची है। 'म्हारा गांव-जगमग गांव' योजना लागू होने के बाद से उपभोक्ताओं में जागरूकता आई है जिसके फलस्वरूप बिजली बिल भरने के प्रति लोग आगे आ रहे हैं।

रणजीत सिंह ने कहा कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिन 82 गांवों में 'म्हारा गांव-जगमग गांव' योजना के तहत 24 घंटे बिजली आपूर्ति होगी उनमें उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के 52 गांव तथा दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के 30 गांव शामिल हैं। इन गांवों में सोनीपत जिले के 25 गांव, रोहतक के 9, झज्जर के 18, चरखी दादरी के 4, महेंद्रगढ़ के 18 तथा भिवानी जिले के 10 गांव शामिल हैं।

इसके साथ ही 26 जनवरी से प्रदेश के 77 प्रतिशत अर्थात 5569 गांव में 24 घंटे बिजली आपूर्ति उपलब्ध हो जाएगी। इससे पहले यह संख्या 5487 गांव की थी। उन्होंने बताया की 10 जिले नामत- सिरसा, फतेहाबाद, रेवाड़ी, गुरुग्राम, फरीदाबाद, पंचकूला, अंबाला, कुरूक्षेत्र, यमुनानगर व करनाल ऐसे जिले बन गए हैं जहां 24 घंटे बिजली की उपलब्धता हुई है। 'म्हारा गांव-जगमग गांव' योजना के तहत बिजली पंचायतों के माध्यम से नये कनेक्शन जारी करना, खराब मीटरों को बदलना, बिजली बिलों को ठीक करना, अनधिकृत बिजली लोड को नियमित करना मुख्य रूप से शामिल है।

## उपायुक्त ने दिलाई चुनाव में अपने विवेक से मत का प्रयोग करने की शपथ

**भिवानी।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त आरएस ढिल्लो ने कहा कि चुनाव लोकतंत्र का सबसे पवित्र पर्व होता है, जिसमें मतदाता अपने विवेक से मत का प्रयोग करके अपनी मन पसंद सरकार चुनते हैं। उन्होंने कहा कि हर पात्र व्यक्ति को अपना वोट बनवाना चाहिए।चुनाव में अपने मत का प्रयोग बिना किसी दबाव और बिना प्रलोभन के करना चाहिए। ढिल्लो मंगलवार को राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर लघु सचिवालय में आयोजित कार्यक्रम में अपना संदेश दे रहे थे। इस दौरान चंडीगढ़ मुख्यालय पर आयोजित प्रदेश स्तरीय मतदाता दिवस कार्यक्रम से हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल के संदेश का भी सीधा प्रसारण दिखाया गया। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त ढिल्लो ने इस मौके पर मौजूद अधिकारियों, कर्मचारियों व नए मतदाताओं को मतदाता शपथ दिलाई। उन्होंने श्रेष्ठ कार्य करने वाले मतदान स्तर के अधिकारियों को सम्मानित किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ढिल्लो ने श्रेष्ठ कार्य करने वाले मतदान स्तर अधिकारी लोहारू विधानसभा क्षेत्र से अरविन्द मान, भिवानी विधानसभा क्षेत्र से संजीव कुमार, तोशाम विधानसभा क्षेत्र से कैलाश चन्द्र व बवानीखेड़ा से रामकुमार को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया।



## निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव संपन्न करवाना बेहद पवित्र कामः कौशल

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**हरियाणा** के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने कहा कि विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव संपन्न करवाना बेहद पवित्र काम है। इसमें पूरे देश की मशीनरी के साथ-साथ भारतीय चुनाव आयोग एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। भारतीय चुनाव आयोग के स्थापना दिवस पर ही देश में 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदान दिवस मनाया जाता है। मुख्य सचिव मंगलवार को चंडीगढ़ स्थित हरियाणा निवास में आयोजित राष्ट्रीय मतदान दिवस के 12वें राज्य स्तरीय समारोह में बोल रहे थे।

मुख्य सचिव ने कहा कि 2011 से हम राष्ट्रीय मतदान दिवस मना रहे हैं। इस दिन प्रदेश के हर जिले में भिन्न-भिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। बेहद खुशी की बात है कि हरियाणा में 1.92 करोड़ मतदाता रजिस्टर्ड हो गए हैं। इन सभी के फोटो आधारित पहचान पत्र दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं को 18 वर्ष की आयु पूरा करते ही अपना वोट बनवाना चाहिए। इसके साथ-साथ मतदाता सूचियों में भी अपना नाम दर्ज करवाना चाहिए। मतदान के दिन सोच-समझकर अपना वोट डालना चाहिए।

### प्रतियोगिता में विजेता 12 विद्यार्थियों को किया गया पुरस्कृत

संजीव कौशल ने कहा कि भारतीय चुनाव आयोग लगातार देश में निष्पक्ष चुनाव संपन्न करवा रहा है। इसी तरह हरियाणा में भी पिछले दिनों दो उपचुनाव करवाए गए। हमें चुनाव में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए और निष्पक्ष रूप से मतदान करके जनप्रतिनिधियों को चुनना चाहिए। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद सभी युवाओं व वर्चुअली जुड़े अधिकारियों को लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा बनाए रखते हुए स्वतंत्र, निष्पक्ष व बिना किसी प्रलोभन के मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ भी दिलाई।

## गणतंत्र दिवस समारोहः बाल विकास मंत्री होंगी मुख्य अतिथि

पायनियर समाचार सेवा। रेवाड़ी

**शहर** के राव तुलाराम स्टेडियम में कल 26 जनवरी को 73वां गणतंत्र दिवस समारोह गरिमामयी ढंग से मनाया जाएगा। महिला एवं बाल विकास मंत्री कमलेश ढांडा राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगी तथा परेड की सलामी लेंगी। इसके अलावा कोसली व बावल में भी उपमंडल स्तरीय समारोह मनाया जाएगा।

उपायुक्त यशेंद्र सिंह ने बताया कि समारोह मनाने की सभी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा चुका है। समारोह में कोविड-19 प्रोटोकॉल का सही ढंग से पालन किया जाए, इसके लिए अधिकारियों को निर्देश दिए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि इस बार समारोह में विद्यार्थियों की बजाय शिक्षकों की प्रस्तुति देखने को मिलेगी। जिले के डीपीई व पीटीआई द्वारा 75 करोड़ सूर्य नमस्कार लक्ष्य के तहत सूर्य नमस्कार की क्रियाएं प्रदर्शित की जाएगी। समारोहका सीधा प्रसारण लाईव स्ट्रीमिंग के माध्यम से कराया जाएगा।

### राव तुलाराम स्टेडियम में मनाया जाएगा गणतंत्र दिवस

**परेड व मार्च पास्ट होगी**

**समारोह** में परेड अंडर ट्रेनिंग आईपीएस ऑफिसर जसलीन कौर के नेतृत्व में होगी। उनके नेतृत्व में पुलिस की टुकड़ी की अगुवाई पीएसआई देवीलाल करेंगे। वहीं महिला टुकड़ी का नेतृत्व एएसआई सुधीर कुमार, एनसीसी सीनियर विंग बॉयज की टुकड़ी का नेतृत्व कैडेट नितिन राठी व गर्ल्स का नेतृत्व कैडेट मनीषा भारद्वाज द्वारा किया जाएगा।

## अब ग्रामीण स्वयं कर सकेंगे पानी की जांच

**कुरुक्षेत्र।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग से कार्यकारी अभियंता दिनेश गाबा के मार्गदर्शन में जीवाणु परीक्षण किट, क्लोरीन परीक्षण किट व रसायनिक गुणवत्ता परीक्षण किट प्रत्येक गांव में वितरित की जा रही है। जिससे कि पानी की गुणवत्ता बनी रहे व समय-समय पर पानी की जांच होती रहे। कोविड-19 प्रोटोकॉल का ध्यान रखते हुए जनसभाएं कर व छोटे-छोटे जांच जागरूकता शिविर लगाकर लोगों को जल संरक्षण व पानी की गुणवत्ता के लिए जागरूक किया जा रहा है।

जिला स्तर पर जिला सलाहकार डेलिया बातिश की अगुवाई में टीमों का गठन भी किया गया है। टीम में जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन की तरफ से खंड समन्वयको की ड्यूटी लगाई गई है। जिले में प्रत्येक ग्राम पंचायत को एक क्लोरीन परीक्षण किट दी गई है।

## चांग के निर्माण मजदूरों ने फूंका श्रम मंत्री का पुतला

पायनियर समाचार सेवा। भिवानी।



**भवन** निर्माण कामगार यूनियन हरियाणा के आह्वान पर ब्लॉक कमेटी भिवानी से 28 व 29 जनवरी को संयुक्त निर्माण मजदूर मोर्चा के आह्वान पर हिसार श्रम मंत्री आवास पर होने वाले पड़ाव में सैकड़ों निर्माण मजदूर-कारीगर शामिल होंगे। हिसार पड़ाव की तैयारियों के लिए आज भिवानी ब्लॉक कमेटी की बैठक ब्लॉक प्रधान महाबीर चांग की अध्यक्षता में की गई व श्रम मंत्री का पुतला फूंका गया।

बैठक में सभी गावों में बैठक करते हुए श्रम मंत्री का पुतला जलाने व 28-29 जनवरी के हिसार श्रम मंत्री आवास पर पड़ाव में सैकडों की संख्या में शामिल होने का निर्णय लिया। बैठक को सम्बोधित करते हुए जिला प्रधान धर्मबीर, जिला सचिव अनिल कुमार, ब्लाक प्रधान महाबीर चांग ने निर्माण मजदूर-कारीगरों को सम्बोधित करते हुए बताया कि लोक डाउन के दौरान श्रम कानून को संशोधन के नाम पर तोड़कर 44 कानूनों को चार कोड में मर्ज कर दिया गया है, जिससे मजदूरों का पूंजी पतियों का गुलाम बनाने का षड्यंत्र किया जा रहा है। भाजपा-जजपा सरकार मजदूरों के श्रम कल्याण बोर्ड के 4500 करोड़ रुपये को मजदूरों पर खर्च करने की बजाए बोर्ड को ही खत्म करने की साजिश कर रही है।

## हरियाणा के शिक्षा मंत्री कंवरपाल आज करेंगे गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**उपायुक्त** मुकुल कुमार ने कहा कि हिंदुस्तान की आन-बान-शान के प्रतीक राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे को सलामी देने के लिए देश के जवान तत्पर है। इस राष्ट्रीय पर्व को परम्परा के अनुसार मनाने के लिए प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए है। अनाज मंडी के प्रांगण में 26 जनवरी को हरियाणा के शिक्षा मंत्री कंवरपाल जिला स्तरीय कार्यक्रम में ध्वजारोहण करेंगे।

उपायुक्त मुकुल कुमार मंगलवार को अनाज मंडी थानेसर के प्रांगण में जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस की तैयारियों का निरीक्षण करने के उपरांत बातचीत कर रहे थे। इससे पहले उपायुक्त मुकुल कुमार, अतिरिक्त उपायुक्त अखिल पिलानी, एसडीएम नरेन्द्र पाल मलिक, नगराधीश चंद्रकांत कटारिया ने गणतंत्र दिवस के कार्यक्रम की तैयारियों का निरीक्षण किया।



कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करते उपायुक्त मुकुल कुमार।

### एएसपी कर्ण गोयल संभालेंगे परेड की कमांड

**जिला** स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में परेड की कमांड एएसपी कुरुक्षेत्र कर्ण गोयल करेंगे। इस परेड में पहली टुकड़ी जिला महिला पुलिस की है जिसकी कमान पीएसआई संतोष कुमारी सम्भालेगी। इसी प्रकार दूसरी टुकड़ी हरियाणा पुलिस के जवानों की कमान पीएसआई विनय कुमार, तीसरी टुकड़ी हरियाणा पुलिस के जवानों की कमान पीएसआई जसबीर सिंह, चौथी टुकड़ी होमगार्ड के जवानों की कमान एसआई पंकज कुमार और पांचवी टुकड़ी डीएवी पब्लिक स्कूल के बच्चों का बैंड की होगी।

## आंगनबाड़ी कर्मियों ने पीओ कार्यालय पर प्रदर्शन करके सौंपा ज्ञापन

**भिवानी।** भिवानी जिले की सैकड़ों आंगनबाडी कर्मियों ने 49वें दिन भी ठिठुरती सर्दी में हड़ताल करके पीओं कार्यालय तक जोरदार प्रदर्शन करते नारेबाजी की। ज्ञापन सौपकर आंगनबाड़ी कर्मियों की मांगों को लागू करने की मांग की।

मंगलवार के धरने की अध्यक्षता राजबाला खानक व संचालन बबली मिताथल, सुदेश प्रेमनगर ने किया। धरने को संबोधित करते हुए यूनियन नेताओं ने कहा की हरियाणा सरकार अपनी हठधर्मिता को छोड़कर आंगनबाड़ी कर्मियों की मांगों को स्वीकार करे। आंगनबाड़ी नेताओं ने कहा कि सरकार दमनकारी नीतियों पर उतर आई हैं। आंगनबाड़ी कर्मियों की बर्खास्तगी व वर्कर्स व नेताओं के नोटीस निकाले जा रहे हैं। जिससे सरकार हड़ताल ओर ज्यादा मजबूती पकड़ रही।

## गणतंत्र दिवस समारोहः गृह मंत्री होंगे मुख्य अतिथि

पायनियर समाचार सेवा। करनाल

**गणतंत्र** दिवस समारोह की फाइनल रिहर्सल मंगलवार को एनडीआरआई के खेल मैदान आयोजित की गई। इस समारोह में उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय ध्वज फहराया तथा परेड का निरीक्षण किया। इससे पहले वह शहीदी स्मारक गए, वहां उन्होंने वीर शहीदों को नमन किया।

इस मौके पर उपायुक्त ने 26 जनवरी गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों तथा समारोह स्थल के प्रबंधों का जायजा लिया और अधिकारियों को निर्देश दिए कि समारोह स्थल की साज-सज्जा भव्य ढंग से की जाए। स्वच्छ पेयजल, बिजली तथा सुलभ शौचालय की व्यवस्था हो। इसके अलावा कोरोना वायरस के चलते कोविड-19 प्रोटोकॉल की अनुपालना का पूरा ध्यान रखा जाएगा, समारोह स्थल पर मास्क, सैनिटाइजर का भी उचित प्रबंध किया जाए तथा कोविड वैक्सीनेशन की मोबाईल टीम भी तैनात की जाए।

### विज आज फहराएंगे राष्ट्रीय ध्वज

उन्होंने स्पष्ट किया कि कोरोना वायरस के चलते गणतंत्र दिवस समारोह में सोशल डिस्टेंसिंग का पूरा ध्यान रखा जाए। बिना मास्क के कोई भी व्यक्ति समारोह में भाग न लें। उपायुक्त ने बताया कि 26 जनवरी को जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में एनडीआरआई के खेल मैदान में धूमधाम से मनाया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### पुलिस मुख्यालय में राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर ली शपथ

**चंडीगढ़।** हरियाणा के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक आलोक कुमार रॉय ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर पुलिस मुख्यालय में आयोजित एक समारोह में सभी पुलिस अधिकारियों व जवानों को निर्वाचन में मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई।इस अवसर पर पुलिस मुख्यालय में उपस्थित सभी ने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाये रखने तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ ली।

### सीजेएम ने दिलवाई मतदाता दिवस की शपथ

**कुरुक्षेत्र।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुरुक्षेत्र के सचिव एवं सीजेएम दुष्यंत चौधरी ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर डीएलएसए कुरुक्षेत्र के सभी कर्मचारियों/अधिकारियों को मतदाता सूची में मतदाता के रूप में प्रत्येक पात्र व्यक्ति को पंजीकृत करने के लक्ष्य को प्राप्त करने के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने वर्चुअल मोड के माध्यम से लोकतांत्रिक चुनावी भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए सभी कर्मचारियों/अधिकारियों को राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि हमे अपने मत का प्रयोग बिना किसी डर और लालच के करना चाहिए ताकि एक योग्य प्रतिनिधि को ही मतदान में जीत मिल सके।

### जिला कारागार में लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर

**कुरुक्षेत्र।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुरूक्षेत्र के सचिव एवं सीजेएम दुष्यंत चौधरी ने कहा कि डीएलएसए कुरुक्षेत्र द्वारा जिला कारागार कुरुक्षेत्र में एलएनजेपी अस्पताल कुरुक्षेत्र के सहयोग से एक स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस स्वास्थ्य जांच शिविर में चिकित्सा सहायता प्रदान करने के लिए ईएनटी, डेंटल सर्जन और नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर मौजूद रहे। जिला जेल में मौजूद बंदियों के स्वास्थ्य की जांच की। अस्पताल के नर्सिंग स्टाफ ने भी अपनी ड्यूटी निभाई। इस स्वास्थ्य जांच शिविर में जेल के करीब 158 कैदी लाभान्वित हुए।

### एक हजार महिलाओं को दिया पांच करोड़ का ऋण

**भिवानी।** दी भिवानी केन्द्रीय सहकारी बैंक के सभागार में संयुक्त देयता समूह की महिला सदस्यों को नाबार्ड चंडीगढ़ के सहयोग से स्वरोजगार चलाने के लिए बैंक में क्रेडिट कैम्प का आयोजन वर्चुअल रूप में किया गया। कार्यक्रम में सीधा-सीधा नाबार्ड के क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ से जुड़ा हुआ था। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि नाबार्ड चंडीगढ़ की मुख्य महाप्रबंधक दीपा बी गुहा रही। क्रेडिट कैम्प में उन्होंने संयुक्त देयता समूह की एक हजार महिलाओं को सहकारी बैंक भिवानी के माध्यम से पांच करोड़ रुपये ऋण का चैक चंडीगढ़ की वर्चुअल बैठक के माध्यम से प्रदान किया। उन्होंने इस क्रेडिट कैम्प में शामिल होने भिवानी केन्द्रीय सहकारी बैंक में आना था। परंतु कोविड महामारी की तीसरी लहर के मध्यनजर यह आयोजन वर्चुअल के द्वारा किया गया। बैठक में विशेष रूप से उपस्थित हुए हरको बैंक के प्रबंध निदेशक राहुल उप्पल ने भी समूह के सदस्यों को संदेश देते हुए कहा कि वह भिन्न-भिन्न प्रकार के रोजगार के माध्यम से अपनी आय को बढ़ाये तथा ऋण की अदायगी समय पर करें। नाबार्ड के कलस्टर हैड ओमपाल छोंकर ने महिलाओं को समय-समय पर और आर्थिक सहायता देने का और उनको प्रशिक्षण की व्यवस्था करने का भी आश्वासन दिया। बैंक महाप्रबंधक सुरेशपाल ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि वे सभी अपने रोजगार को दिन प्रतिदिन बढ़ाएं। जिसके लिए भविष्य में बैंक उनकी आर्थिक सहायता करता रहेगा।

### शिक्षा बोर्ड में मनाया राष्ट्रीय मतदाता दिवस

**भिवानी।** हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा मंगलवार को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर बोर्ड के अधिकारीगण मौजूद रहे। बोर्ड अध्यक्ष प्रो जगबीर सिंह, उपाध्यक्ष वीपी यादव एवं सचिव कृष्ण कुमार ने बताया कि 25 जनवरी, 2011 को तत्कालीन राष्ट्रपति प्रतिभा देवी सिंह पाटिल ने 'राष्ट्रीय मतदाता दिवस' की शुरूआत की थी। इसी दिन 1950 को केन्द्रीय चुनाव आयोग की स्थापना हुई थी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2011 से हर चुनाव में लोगों की भागीदारी बढ़ाने के लिए निर्वाचन आयोग के स्थापना दिवस पर इस दिन को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में मनाया जाता है।

### गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर वीरांगना सीता देवी सम्मानित




**कुरुक्षेत्र।** गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर हरियाणा सरस्वती हेरिटेज बोर्ड राज्य सरकार के वाइस चेयरमैन धुम्मन सिंह किरमिच और भाजपा की ओर से स्वतंत्रता सेनानी स्व. अमरनाथ शर्मा की वीरांगना सीता देवी को उनके घर आकर सम्मानित किया। इस मौके पर भाजपा के मंडल अध्यक्ष हरीश अरोड़ा ने भी सीता देवी को शॉल ओढ़ाई और नेताजी सुभाष चंद्र बोस उनके सहयोगी स्वतंत्रता सेनानी पंडित अमरनाथ शर्मा को नमन किया। धुम्मन सिंह किरमिच ने इस मौके पर कहा कि भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार और राज्य सरकारों द्वारा देशभर में आजादी के 75वें अमृत महोत्सव और नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की 125वीं जयंती समारोह के साथ गणतंत्र दिवस के उपलक्ष में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

### सिक्योरिटी एंड सेफ्टी विषय पर कार्यशाला में दिए टिप्स

**कुरुक्षेत्र।** शिक्षा विभाग द्वारा जिले के सभी स्कूलों में 24 या 25 जनवरी को सिक्योरिटी में सेफ्टी के बारे में कार्यशाला आयोजित की गई। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लाडवा में यह कार्यशाला गूगल मीट के माध्यम से हुई, जिसका शुभारंभ स्कूल के प्राचार्य विपिन शर्मा ने किया। वहीं खंड शिक्षा अधिकारी अनिल जिंदल ने विशेष तौर पर प्रतिभागियों को संबोधित किया। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी बृज भूषण जिंदल और अंजू शर्मा रहीं। कार्यशाला में एएसआई सुरेंद्र कुमार ने रोड सेफ्टीके बारे में बताया। वहीं एडवोकेट गगनदीप शर्मा ने पॉक्सो एक्ट में नशे की लत को छुड़ाने के लिए विभिन्न पहलुओं को विस्तृत रूप से जानकारी दी

## कोरोना से संक्रमित जिले में मिले 371 नये पॉजिटिव केस

**करनाल।** उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने बताया कि मंगलवार को जिला में कोरोना के 371 नये पॉजिटिव केस मिले हैं जबकि 475 व्यक्ति ठीक हुए हैं। उपायुक्त ने सिविल सर्जन की रिपोर्ट के अनुसार बताया कि जिले में अब तक 683041 व्यक्तियों के सैंपल लिए गए हैं। पिछले 24 घंटे में 2082 सैंपल लिए गए। जिले में अब तक 46612 पॉजिटिव केस सामने आए थे, जिनमें से 43664 मरीज ठीक होकर घर चले गए।




2022 के लिए दृष्टिकोण : कंपनी हैश टैग विद एक्स्ट्रा केयर के साथ

## स्पिनी सैकण्ड हैण्ड कारों की खरीद बिक्री को आसान एवं भरोसेमंद बना रही

**नई दिल्ली।** दुनिया की ओर रुख कर रहे हैं। सैकण्ड हैण्ड कारों की खरीद-बिक्री के लिए फुल स्टैक प्लेटफॉर्म स्पिनी अपनी पहल हैश टैग विद एक्स्ट्रा केयर के साथ उपभोक्ताओं को सैकण्ड हैण्ड कारों की खरीद का सुरक्षित एवं सहज अनुभव प्रदान करता है। हमारे प्लेटफॉर्म पर ऐसे उपभोक्ताओं की बढ़ती संख्या इस बात की पुष्टि करती है जो सैकण्ड हैण्ड कारों की खरीद के लिए होम डिलीवरी और पूरी तरह से ऑनलाईन लेनदेन के विकल्प चुन रहे हैं।

2021 में विकास की उल्लेखनीय यात्रा दर्ज करने के बाद- फुल स्टैक ऑनलाइन-टू-ऑफलाइन यूज्ड कार रीटेल प्लेटफॉर्म-स्पिनी ने 2022 तक 30 से अधिक शहरों में अपने विस्तार का लक्ष्य तय किया है। कंपनी उपभोक्ताओं के लिए सैकण्ड हैण्ड कारों की खरीद को आसान बनाने के लिए ऑनलाइन डिलीवरी को सशक्त बनाएगी। इस साल सुरक्षा, सुविधा एवं पर्यावरण के अनुकूल निजी परिवहन की ओर उपभोक्ताओं के बढते झुकाव के साथ कंपनी कॉन्टेक्टलैस होम डिलीवरी के लिए आधुनिक तकनीकें एवं आधुनिक समाधान लेकर आएगी। वर्तमान में स्पिनी दिल्ली, गुरूग्राम, नोएडा, बैंगलोर, मुंबई, पुणे, हैदराबाद, चेन्नई, कोलकाता, अहमदाबाद, लखनऊ, जयपुर, चण्डीगढ, इंदौर, कोची और कोयम्बटूर सहित देश के 22 शहरों में मौजूद है। सेलराइटबाय स्पिनी के साथ ब्राण्ड विक्रेता को अपने घर से कार बेचने का सहज अनुभव प्रदान करता है। वे हुबली, मैंगलोर, मैसूर, अम्बाला और करनाल जैसे बडे शहरों से जुडे शहरों में पहले से सक्रिय हैं।

स्पिनी के सिद्धान्तों और रणनीतियों के अनुरूप, कंपनी उस समय विशेष पहल हैश टैग विद एक्स्ट्रा केयर लेकर आई जब महामारी अपने चरम पर थी, जिसने उपभोक्ताओं को कार की खरीद और बिक्री के लिए पूरी तरह से कॉन्टैक्टलैस अनुभव प्रदान किया। कंपनी में कारों के सैनिटाइजेशन और सामाजिक दूरी जैसे नियमों का पालन जारी है और उपभोक्ताओं का भरोसा जीत कर स्पिनी ने ऑटोमोबाइल सेगमेन्ट में बेंचमार्क स्थापित किए हैं।

## टाटा टी प्रीमियमः देश की चाय गणतंत्र दिवस पर मना रही रंगों का उत्सव

पायनियर समाचार सेवा। अंबाला/पानीपत।

**भारत** के 73 वें गणतंत्र दिवस की खुशी में देश की चाय-टाटा टी प्रीमियम प्रस्तुत कर रही है। देश की झांकी, हमारे देश की अनोखी विविधता का सम्मान करने वाली यह अपनी तरह की एक अनोखी पहल है। टाटा टी प्रीमियम के हर राज्य के लिए डिजाइन किए गए विशेष पैक्स काफी लोकप्रिय हैं। उन्हीं से प्रेरित होकर हर झांकी को हर क्षेत्र का गौरव दर्शाने वाले तत्वों के साथ सजाया गया है, हर राज्य की परंपराओं और संस्कृति को इन झांकियों में चित्रित किया गया है। गणतंत्र दिवस को मनाते हुए यह पहल उन सभी विविध तत्वों का सम्मान करती है, जो भारत को सही मायने में अनोखा बनाते हैं।

दिल वालों की शानदार दिल्ली से लेकर, दमदार उत्तर प्रदेश तक, मानवता की सेवा के लिए पहचाने जाने वाले, बडे दिल वाले पंजाब से लेकर, जीतने के कभी न खत्म होने वाले जूनून के साथ कड़क सपनों वाले हरियाणा तक, अपने समृद्ध इतिहास के लिए जाने जाने वाले, स्वाद से भरपूर बिहार से लेकर, रस भरे पश्चिम बंगाल तक, दृढ़ निश्चयी उड़िया और महाराष्ट्र में सर्वगुणी लोगों के लिए, हर क्षेत्र के गुणों और भावनाओं को दर्शाने की कोशिश टाटा टी प्रीमियम इस पहल के जरिए कर रहा है।

### गणतंत्र दिवस की परेड की झांकियों की तरह एक विशेष रचनात्मक प्रस्तुति में

इस पहल पर टिप्पणी करते हुए, टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स के पैकेज्ड बेवरेजेस (भारत और दक्षिण एशिया) के प्रेसिडेंट पुनीत दास ने कहा, स्वाद से जुडी स्थानीय वरीयताओं को पूरा करना हमेशा से ही टाटा टी प्रीमियम की विशेषज्ञता रही है। इस प्रकार, हमने हमेशा भारत भर के विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में उपभोक्ताओं की स्वाद वरीयताओं को पूरा करने वाले विशिष्ट मिश्रणों को प्रस्तुत किया है। खास तौर पर बनाए गए, हर राज्य के लिए विशेष पैकेजिंग और प्रमुख राज्यों के लिए स्थानीय भावनाओं को ध्यान में रखते हुए बनाए गए कम्युनिकेशन के साथ भारत की समृद्ध विविधता का जश्न हमने मनाया है। इसने टाटा टी प्रीमियम को पूरे भारत का एक अग्रणी ब्रांड और सही मायने में देश की चाय बना दिया है।

राष्ट्रीय मतदाता दिवस: प्रधानमंत्री ने कार्यकर्ताओं से किया संवाद

# अधिक मतदान, एक राष्ट्र-एक चुनाव पर चर्चा की जरूरत: मोदी

## प्रधानमंत्री ने कहा, शिक्षित और समृद्ध समझे जाने वाले शहरों में होता है कम मतदान

### नागरिक और राजनीतिक दलों के सदस्यों को कम मतदान पर विचार करना चाहिए



एजेंसी। नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने देश में और विशेष रूप से शिक्षित और समृद्ध समझे जाने वाले शहरी क्षेत्रों में कम मतदान प्रतिशत पर चिंता जताते हुए मंगलवार को कहा कि भारत जैसे जीवंत लोकतंत्र में यह स्थिति बदलनी चाहिए। देशभर से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ताओं के साथ संवाद में मोदी ने एक राष्ट्र, एक चुनाव और एक राष्ट्र, एक मतदाता सूची के विषय को भी उठाया। कहा कि बार-बार चुनाव होने से विकास कार्य प्रभावित होते हैं। उन्होंने मंगलवार को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के मौके पर कार्यकर्ताओं से यह संवाद किया।

देश में 1951-52 में पहले लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत 45 प्रतिशत से 2019 में बढ़कर 67 प्रतिशत होने का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि महिला मतदाताओं की भागीदारी में बढ़ोतरी अच्छी बात है, लेकिन आम नागरिकों से लेकर विभिन्न राजनीतिक दलों के सदस्यों को कम मतदान पर विचार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि देखा गया है कि शिक्षित और समृद्ध समझे जाने वाले शहरी क्षेत्रों में कम मतदान होता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इन क्षेत्रों के कई लोग सोशल मीडिया पर चुनावों पर चर्चा तो करते हैं लेकिन मतदान करने नहीं जाते। मोदी ने भाजपा के पन्ना प्रमुखों और अन्य कार्यकर्ताओं से हर चुनाव में 75 प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने को कहा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि मतदान किसी सुदृढ़ लोकतंत्र में सबसे पवित्र दान है। उन्होंने मतदान बढ़ाने के लिए अनेक पहल करने के लिए निर्वाचन आयोग की भी प्रशंसा की।

आधार संख्या और मतदाता पहचान पत्र संख्या को लिंक करने के प्रावधान वाले हाल में पारित एक विधेयक का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा कि इससे पारदर्शिता आएगी। एक राष्ट्र, एक चुनाव और एक राष्ट्र, एक मतदाता सूची पर चर्चा करने पर जोर देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इन विषयों पर विविध विचार सामने आने चाहिए। उत्तर प्रदेश, पंजाब, उत्तराखंड, गोवा और मणिपुर में विधानसभा चुनाव अगले महीने 10 फरवरी से सात चरणों में संपन्न होंगे।

राष्ट्रीय मतदाता दिवस 1950 में आज के दिन निर्वाचन आयोग की स्थापना के अवसर पर मनाया जाता है। मोदी ने इस संवाद में भाजपा कार्यकर्ताओं से कुपोषण के खिलाफ जन भागीदारी के साथ अभियान चलाने का आह्वान भी किया ताकि देश की स्वतंत्रता के 100 वर्ष पूरे होने के मौके पर 2047 तक एक स्वस्थ भारत बने।

## हिंदुत्व के मुद्दे पर चुनाव लड़ने वाली देश की पहली पार्टी है शिवसेना: सांसद संजय राउत

### कहा, 1980 में पहली बार देश में चुनावी राजनीति में हिंदुत्व शब्द हुआ था इस्तेमाल



एजेंसी। मुंबई

**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधते हुए शिवसेना सांसद संजय राउत ने मंगलवार को दावा किया कि शिवसेना हिंदुत्व के मुद्दे पर चुनाव लड़ने वाली देश की पहली पार्टी है। इससे पहले भाजपा ने आरोप लगाया था कि शिवसेना का हिंदुत्व केवल कागजों पर है।

राउत ने मुंबई की विले पार्ले विधानसभा सीट के लिए 1980 के दशक में हुए उपचुनाव का जिक्र करते हुए संवाददाताओं से कहा कि शिवसेना उम्मीदवार रमेश प्रभु हिंदुत्व के मुद्दे पर चुनाव लड़े थे। उन्होंने कहा कि पहली बार देश में चुनावी राजनीति में हिंदुत्व शब्द का इस्तेमाल किया गया था। उन्होंने कहा कि इस उपचुनाव में कांग्रेस और भाजपा भी मैदान में थे। प्रभु ने 1987-88 में हुए उपचुनाव में विले पार्ले विधानसभा सीट पर जीत हासिल की थी और 1990 में हुए विधानसभा चुनाव में इस सीट पर कब्जा बरकरार रखा। राउत ने विपक्ष के नेता देवेंद्र फडणवीस पर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए कहा, इस जीत के बाद भाजपा शिवसेना के पास हिंदुत्व के मुद्दे पर गठबंधन करने के लिए आई और बाला साहेब इस पर सहमत हो गए क्योंकि वह हिंदुओं के मतों का विभाजन नहीं चाहते थे।

दरअसल महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने रविवार को आरोप लगाया था कि भाजपा सत्ता के लिए हिंदुत्व का सहारा ले रही है जिसके बाद दोनों दलों के बीच जुबानी लड़ाई छिड़ गई थी। हिंदुत्व पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की टिप्पणी के एक दिन बाद भाजपा के नेता देवेंद्र फडणवीस ने सोमवार को कहा कि शिवसेना का हिंदुत्व केवल कागजों पर है।

## संक्षिप्त समाचार

### गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर 939 पुलिस पदक बांटे

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने मंगलवार को गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर विभिन्न केंद्रीय एवं राज्य पुलिस बलों के जवानों को 939 सेवा पदक देने की घोषणा की। इनमें वीरता के लिए दिए जाने वाले 189 पदक शामिल हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने उन जवानों के नामों की सूची जारी की, जिन्हें वीरता के लिए पुलिस पदक, विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति के पुलिस पदक और सराहनीय सेवा के लिए पुलिस पदक से सम्मानि किया गया है। गृह मंत्रालय के प्रवक्ता ने बताया कि वीरता के लिए दिए जाने वाले 189 पदकों में से 134 पदक जम्मू-कश्मीर क्षेत्र में वीरता दिखाने वाले जवानों को प्रदान किए गए हैं, जबकि 47 जवानों को उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों और एक जवान को पूर्वोत्तर भारत में बहादुरी के प्रदर्शन के लिए इस पदक से सम्मानित किया गया है। प्रवक्ता ने बताया कि सबसे ज्यादा 115 वीरता पदक जम्मू-कश्मीर पुलिस को दिए गए हैं। वहीं, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) को 30, छत्तीसगढ़ पुलिस को दस, ओडिशा पुलिस को नौ और महाराष्ट्र पुलिस को सात पदक हासिल हुए हैं। इसी तरह, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) और सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) को तीन-तीन, जबकि सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) को दो वीरता पदक मिले हैं। प्रवक्ता के अनुसार, 88 जवानों को विशिष्ट सेवा पदक और 662 जवानों को सराहनीय सेवा पदक से नवाजा गया है।

### राष्ट्रपति ने हिमाचल प्रदेश के स्थापना दिवस पर बधाई दी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने मंगलवार को हिमाचल प्रदेश के स्थापना दिवस पर राज्य के निवासियों को बधाई दी। कहा कि उन्हें विश्वास है कि प्रदेशवासी अपने राज्य को आधुनिक विकास के शिखर पर ले जाएंगे। पर्वतीय क्षेत्र 1971 में इसी दिन राज्य बना था। कोविंद ने ट्वीट किया, अध्यात्म, संस्कृति और पर्यटन के प्रमुख केंद्र देव-भूमि हिमाचल प्रदेश के सभी निवासियों को राज्य स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई। उन्होंने कहा, मुझे विश्वास है कि यहां के कर्मठ निवासी अपनी सांस्कृतिक विरासत को सहेजते हुए इस प्रदेश को आधुनिक विकास के शिखर तक ले जाएंगे।

### निर्वाचन आयोग डाक से भेजेगा मतदाता पहचान पत्र

**कोलकाता।** भारत निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची में शामिल नए मतदाताओं को डाक के माध्यम से मतदाता फोटो पहचान पत्र (ईपीआईसी) भेजने का निर्णय लिया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि सेवा 25 जनवरी को शुरू की जाएगी। जिस दिन राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कहा, हम मतदाता पहचान पत्र लोगों को डाक से सीधे भेजना शुरू करेंगे। सेवा आधिकारिक तौर पर राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर शुरू की जाएगी। अधिकारी ने कहा कि आयोग नए मतदाताओं को पहचान पत्र के साथ एक किट भी भेजेगा। उन्होंने कहा कि पैकेट में ईवीएम, मतदान का तरीका समेत अन्य जानकारियां होंगी। उन्होंने कहा कि मतदाताओं को जागरुक करने के लिए आयोग की पहल के तहत मंगलवार को पूरे देश में राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाएगा। अधिकारी ने कहा कि इस साल के मतदाता दिवस की थीम हमारे मतदाताओं को सशक्त, सतर्क बनाना और सुरक्षा तथा सूचना प्रदान करना है।

### पीएम ने हिमाचल प्रदेश के 52वें स्थापना दिवस पर दी बधाई

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हिमाचल प्रदेश के 52वें स्थापना दिवस पर मंगलवार को प्रदेशवासियों को बधाई दी। उन्होंने एक ट्वीट में कहा, हिमाचल प्रदेश के सभी लोगों को पूर्ण राज्यत्व दिवस पर ढेरों शुभकामनाएं। मेरी कामना है कि प्रकृति की गोद में बसा यह राज्य निरंतर प्रगति के पथ पर आगे बढ़ता रहे और देश के विकास में भी अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी निभाता रहे। हिमाचल प्रदेश को 25 जनवरी, 1971 को राज्य का दर्जा मिला था और इस प्रकार यह पहाड़ी प्रांत भारतीय संघ का 18वां राज्य बना था।

## गोरखपुर शहर: वीर बहादुर सिंह के निधन से खाली हुई जगह की भरपाई कर रहे हैं योगी

एजेंसी। गोरखपुर

**उत्तर प्रदेश** का मुख्यमंत्री बनने से पहले पांच बार गोरखपुर से लोकसभा के सदस्य रहे योगी आदित्यनाथ को लोग अब इस क्षेत्र के अभिभावक की तरह देखने लगे हैं। मानते हैं कि इलाके के कद्दावर नेता रहे पूर्व मुख्यमंत्री वीर बहादुर सिंह के निधन के बाद जो जगह खाली हो गई थी योगी उसकी भरपाई कर रहे हैं।

गोरखपुर शहर विधानसभा क्षेत्र में छठे चरण में तीन मार्च को मतदान होगा और योगी के यहां से भारतीय जनता पार्टी का उम्मीदवार घोषित होने के बाद पूरे प्रदेश की निगाह इस सीट पर है। नाथ संप्रदाय की प्रसिद्ध गोरक्षपीठ के महंत योगी आदित्यनाथ वर्ष 1998 से लेकर 2017 तक गोरखपुर संसदीय क्षेत्र का पांच बार प्रतिनिधित्व कर चुके हैं, लेकिन विधानसभा चुनाव में वह पहली बार अपनी किस्मत आजमाएंगे।

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के प्रोफेसर हर्ष कुमार सिन्हा ने बातचीत में दावा किया कि विपक्ष से चाहे कोई भी उम्मीदवार रहे योगी की जीत तय है।

## निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए 44 हजार लोगों के चालान काटे

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले में निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए अब तक 44 हजार से अधिक लोगों के चालान काटे गए हैं, जबकि 1038 अपराधियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

जिला अधिकारी चंदर भूषण सिंह के मुताबिक, 416 लोगों के खिलाफ गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। इनमें से 83 लोगों को एहतियात के तौर पर छह महीने के लिए जिले से बाहर कर दिया गया है। पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव ने बताया कि जिले में निष्पक्ष चुनाव सुनश्चित करने की कवायद के तहत हाल ही में 16 अवैध हथियार फैक्टरियों का भंडाफोड़ किया गया।

## 86 फीसदी भारतीय चाहते हैं, भारत में मतदान अनिवार्य हो: सर्वेक्षण

### मतदान की अनिवार्यता पर 86 प्रतिशत प्रतिभागियों ने सहमति जताई

### पब्लिक ऐप की ओर से देशभर में चार लाख से अधिक लोगों पर की गई रायशुमारी

एजेंसी। नई दिल्ली




भारत में 86 फीसदी लोग चाहते हैं कि मतदान को अनिवार्य बना दिया जाए। मंगलवार को 12वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर जारी एक नए सर्वेक्षण से यह बात सामने आई है। पब्लिक ऐप की ओर से देशभर में चार लाख से अधिक लोगों पर की गई रायशुमारी में 81 फीसदी प्रतिभागियों ने मौजूदा मतदान प्रणाली पर भरोसा जताया। इनमें 60 फीसदी प्रतिभागियों की उम्र 30 साल से कम थी।

भारत में 2011 से चुनाव आयोग के स्थापना दिवस को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसका मकसद नए और युवा मतदाताओं के पंजीकरण को बढ़ावा देना है। चुनाव आयोग की स्थापना 25 जनवरी 1950 को हुई थी। सर्वेक्षण में कहा गया है, नागरिक कर्तव्य के रूप में मतदान नागरिकों द्वारा सामाजिक विकास में एक महत्वपूर्ण योगदान है।




सभी क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
रूपसिंह नागर
समाजसेवी
राजेश नागर
विधायक, तिगांव


श्री दुष्यंत चौटाला
उप मुख्यमंत्री, हरियाणा सरकार
आप सभी देशवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
वंदे मातरम्
चुनाव चिन्ह
चाबी
उमेश भाटी
प्रदेश प्रवक्ता (जजपा)
पूर्व प्रत्याशी तिगाँव विधानसभा
मो. : 9810208582


आप सभी को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएं
चौ. महेन्द्र प्रताप सिंह
पूर्व मंत्री
26 January
विजय प्रताप
बड़खल विधानसभा


सभी क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएं
राजन मुथरेजा
जिला कोषाध्यक्ष, भाजपा फरीदाबाद
RajanMuthreja
@rajanMuthreja
rajanmuthreja


सभी क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
डा. महेश शर्मा
पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं सांसद
स्व0 छत्तरपाल सिंह
पूर्व विधायक, जेवर
मनजीत ठाकुर
जिला कार्यकारिणी सदस्य भाजपा, गौतमबुद्धनगर


73 वें
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
SAY NO TO PLASTIC BAGS
नवीन गोयल
हम सबने ठाना हैं
गुरुग्राम को सफाई में देश के
टॉप 10 शहरों में लाना हैं।
गगन गोयल वार्ड: 18
प्रदेश कार्यकारणी सदस्य, भारतीय जनता पार्टी,
युवा मोर्चा हरियाणा
आशा गोयल
(समाज सेवी)
जिला महामंत्री, अखिल भारतीय अग्रवाल
महिला सम्मेलन, गुरुग्राम


26 जनवरी
समस्त देशवासियों
को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
सुधीर सिंगला
विधायक, गुरुग्राम


समस्त देशवासियों
को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
सुंदर लाल यादव
सरपंच, सिकन्दपुर बढ़ा, गुरुग्राम
अध्यक्ष, सरपंच एसोसिएशन गुरुग्राम ब्लॉक
जिला संयोजक, पंचायती राज प्रकोष्ठ, भाजपा जिला गुरुग्राम


आप सभी देशवासियों को
भारतीय लोकतंत्र के महापर्व
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई व
शुभकामनाएं
हमारे देश के लोकतंत्र को बचाने के
लिए कांग्रेस पार्टी का साथ दें
मनोज अग्रवाल
बल्लभगढ़ विधानसभा


आप सभी को
गणतंत्र दिवस
26 JANUARY
HAPPY REPUBLIC DAY
की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं
रोहित सिंगला
पूर्व पार्षद वार्ड नं. 30
नितिन सिंगला
जिला अध्यक्ष युवा कांग्रेस
फरीदाबाद (शहरी)
लखन कुमार सिंगला
सदस्य हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी
फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र-89
LakhanSinglaFaridabad
LakhanSinglaINC
lakhansinglainc
9899993672


श्री अरविन्द केजरीवाल
मुख्यमंत्री, दिल्ली सरकार
aap
AAM AADMI PARTY
आप सभी क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की
हार्दिक शुभकामनाऐं
श्री धर्मवीर भड़ाना
26
जनवरी
Our Republic Day
26 JANUARY
HAPPY REPUBLIC DAY
Happy Republic Day
मन्जू गुप्ता
विनोद भाटी
भीम यादव
विनय यादव
वीना वशिष्ठ
बृजेश नागर
ओम प्रकाश शर्मा
विजेश गोदारा
रघबर दयाल
नरेन्द्र सरोहा
शलेन्द्र शर्मा
सरदार मनीष भाटिया
वाई.के. शर्मा
शत्रुघनचन्द्र जैन
हरदित्त शर्मा
राकेश प्रसाद
राज कुमार
शिव नारायण दुबे
सुरेन्द्र गुप्ता
हंसराज दायमा
राहुल बैसला
संजय जुनेजा
सागर दुआ
रोशन झाँ
राजूदीन
सुनील ग्रोवर
राजेश
संदीप राव
कृष्ण कुमार
सरदार बसंत सिंह
सरदार डी.स पावला
परमजीत कौर
दिनेश एडवोकेट